www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31.c

28.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 98.935g

चांदी 100,000kg

**सोशल मीडिया पर भारत संवाद**

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 उद्देश्य से भटकी भारत की राजनीति, समाज को जागरूक-सचेत करने का काम भुला दिया जाना चिंताजनक

जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष 04

वर्ष :08 | अंक :335 | मुंबई, मंगलवार, 27 मई, 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### एनआईए ने दिल्ली से सीआरपीएफ जवान को किया गिरफ्तार, पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान को पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को संवेदनशील राष्ट्रीय सुरक्षा जानकारी लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया। एजेंसी ने कहा कि मोती राम जाट के रूप में पहचाने जाने वाले आरोपी के बारे में पता चला है कि वह 2023 से जासूसी गतिविधियों में शामिल था। एनआईए के एक प्रवक्ता के अनुसार, जाट विभिन्न चैनलों के माध्यम से भेजे गए धन के बदले में पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों (पीआईओ) के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित वगीर्कृत जानकारी सक्रिय रूप से साझा कर रहा था। उसे पटियाला हाउस स्थित विशेष अदालत में पेश किया गया और आगे की पूछताछ के लिए 6 जून तक एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया। एनआईए फिलहाल चल रही जांच के तहत उससे पूछताछ कर रही है। सीआरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से सोशल मीडिया की नियमित निगरानी के दौरान जाट की गतिविधियों का पता चला। यह पुष्टि होने पर कि उसने सेवा मानदंडों और प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है, उसे प्रासंगिक संवैधानिक और सीआरपीएफ नियमों के तहत 21 मई से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

### भारत-नेपाल सीमा पर निमार्णाधीन पुल में काम कर रहा मजदूर लधिया नदी में बहा

उत्तराखंड के चंपावत जिले में भारत-नेपाल सीमा पर निमार्णाधीन पुल में काम कर रहा एक मजदूर रविवार को उफनती लधिया नदी में बह गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चंपावत के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अजय गणपति ने बताया कि दुर्घटना दोपहर को टनकपुर-जौलजीवी मार्ग के चूका में हुई जब पुल निर्माण में लगे दो मजदूर खाना खाने के लिए अपने टिन शेड की ओर जा रहे थे और अचानक वे लधिया नदी के बहाव में बहने लगे। उन्होंने बताया कि इनमें से एक पश्चिम बंगाल के कोलकाता का रहने वाला रॉकी मंडल (18) तो नदी में दो सौ मीटर बहने के बाद सुरक्षित किनारे आ गया लेकिन दूसरे मजदूर आमिर चांद (55) का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। चांद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद का रहने वाला है। चंपावत के ठुलीगाढ़ क्षेत्र के थाना प्रभारी राकेश कठायत के नेतृत्व में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल की टीम गोताखोरों के साथ तलाशी में देर शाम तक जुटी रही। उन्होंने बताया कि सोमवार को फिर तलाशी अभियान शुरू किया जाएगा।

# मुंबई में थमी ट्रेनें, तैरी गाड़ियां, घर- दफ्तर सब बने तालाब

## पुणे में फटा बादल, महाराष्ट्र में बारिश का तांडव

**मानसून**

**दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने महाराष्ट्र में दस्तक दी। इसी के साथ राज्य में 35 वर्षों में पहली बार इतनी जल्दी मानसून पहुंचा है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि अगले तीन दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के मुंबई और कुछ अन्य भागों तक पहुंचने की उम्मीद है।**



एजेंसी

महाराष्ट्र में मानसून आ गया है। राज्य के कई हिस्सों में जोरदार बारिश हो रही है। कोंकण, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में बहुत तेज बारिश हो रही है। हालांकि, मानसून अभी तक मुंबई में नहीं पहुंचा है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिनों में मुंबई में भी मानसून आ जाएगा। मुंबई में रविवार से बारिश हो रही है। मुंबई और आसपास के इलाकों में रविवार रात से ही बारिश हो रही है।मुंबई के उपनगरों में रविवार रात से लगातार बारिश हो रही है। अंबरनाथ और बदलापुर में सुबह से ही बिजली की गरज के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। सुबह से बारिश होने के कारण रेलवे ट्रैक पर पानी भरने लगा है। कर्जत, खोपोली और बदलापुर से मुंबई जाने वाली लोकल ट्रेनें 15 से 20 मिनट देरी से चल रही हैं। मुंबई से कल्याण और कर्जत की ओर आने वाली लोकल ट्रेनें भी 10 से 15 मिनट देरी से चल रही हैं।सुबह से बिजली की चमक और मूसलाधार बारिश के कारण बदलापुर, अंबरनाथ और आसपास के इलाकों में बिजली बार-बार जा रही है। पूरे इलाके में अंधेरा छाया हुआ है। मूसलाधार बारिश और बिजली की गरज के कारण कई इलाकों में बिजली गुल हो गई है। मुंबई के मध्य और पूर्वी हिस्सों में भी बारिश हो रही है। बारिश के कारण मध्य रेलवे की यातायात धीमी गति से चल रही है। हफ्ते की शुरूआत में सोमवार सुबह काम पर निकले लोगों को ट्रेन में देरी के कारण परेशानी हो रही है।मौसम विभाग ने अगले तीन से चार घंटों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी दी है। कुछ जगहों पर 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने बिजली की गरज के साथ जोरदार बारिश की संभावना जताई है। सरकार ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मुंबई, उपनगर, ठाणे और पालघर जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### कई घरों में घुसा पानी, बचाए गए लोग



बारामती में 19 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। कटेवाड़ी में, पानी से भरे अपने घर में फंसे सात लोगों के एक परिवार को स्थानीय लोगों और अधिकारियों ने बचाया। जलोची गांव में, मोटरसाइकिल के बह जाने के बाद एक नाले में फंसे रूपेश सिंह को दमकल कर्मियों बचाया।इस बीच बारामती से लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने एक संदेश में राज्य के उच्च शिक्षा मंत्रालय से पुणे जिले में भारी बारिश के कारण सोमवार को निर्धारित विभिन्न विभागों की परीक्षाएं स्थगित करने का अनुरोध किया।

# पाकिस्तान जासूसी मामले में हिसार कोर्ट ने ज्योति मल्होत्रा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**“पाकिस्तान के लिए कथित तौर पर जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।हरियाणा के हिसार की एक स्थानीय अदालत ने यह आदेश दिया।**

एजेंसी

पाकिस्तान के लिए कथित तौर पर जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।हरियाणा के हिसार की एक स्थानीय अदालत ने यह आदेश दिया। 33 वर्षीय कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को जासूसी के संदेह में गिरफ्तार किया गया था और वह अब तक हिसार पुलिस की हिरासत में थी। पिछले दो हफ्तों में जासूसी के संदेह में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सहित राज्यों से गिरफ्तार किए गए 12 लोगों में मल्होत्रा भी शामिल हैं। जांच अधिकारियों को उत्तर भारत में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के सक्रिय होने का संदेह है। जांचकताओं का मानना है कि मल्होत्रा आईएसआई के सीधे संपर्क में थी और उसे पाकिस्तानी गृह मंत्रालय से विशेष सुरक्षा मंजूरी और विशेषाधिकार प्राप्त थे।



**पाकिस्तान यात्रा का नया वीडियो आया सामने, आसपास नजर आए एके-47 से लैस गार्ड्स**

ज्योति का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पाकिस्तान के बाजार में घूम रही है।उसके आसपास एके-47 गन लिए पाकिस्तानी गार्ड्स भी नजर आ रहे हैं।यह वीडियो स्कॉटिश यूट्यूबर कैलुम मिल ने बनाया है।

# मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई?

## लालू परिवार पर बरसीं तेज प्रताप की पूर्व पत्नी, जब मुझे पीटा गया तो सामाजिक न्याय कहां था?

**“ऐश्वर्या राय ने सवाल करते हुए कहा कि मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक उनमें सामाजिक जागृति आ गई है। वे सब एक साथ हैं। वे अलग नहीं हुए हैं। चुनाव नजदीक हैं, इसीलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा रचा। उन्होंने कहा कि सबको पता है कि क्या हुआ।**

एजेंसी

आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बेटे और बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गए हैं। उन्हें पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। ऐसा आरोप लगाया गया है कि उन्होंने निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना की है। इसके अलावा, उनके साथी को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को लेकर विवाद भी हुआ था, जिसे अब हटा दिया गया है। इसी को लेकर अब बिहार में सियासत तेज हो गई है। तेज प्रताप यादव की पूर्व पत्नी ऐश्वर्या राय ने भी अपनी चुप्पी तोड़ी है। ऐश्वर्या राय ने सवाल करते हुए कहा कि मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक उनमें सामाजिक जागृति आ गई है। वे सब एक साथ हैं। वे अलग नहीं हुए हैं। चुनाव नजदीक हैं, इसीलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा रचा। उन्होंने कहा कि सबको पता है कि क्या हुआ। लालू प्रसाद यादव के परिवार पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर उन्हें सब पता था तो उन्होंने मुझसे उसकी शादी क्यों करवाई? मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक से उनमें सामाजिक जागृति आ गई है। वे सब साथ हैं। वे अलग नहीं हुए हैं। चुनाव नजदीक हैं, इसीलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा किया। ऐश्वर्या राय ने कहा कि मुझे अपने तलाक की जानकारी मीडिया से मिली।



मुझे जो भी जानकारी मिली वह सब मीडिया के जरिए मिली। मुझे नहीं पता था कि क्या हो रहा है।

# भारत पर आंख उठाई तो बख्शेंगे नहीं: पीएम मोदी

## आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति, भुज में बोले पीएम मोदी, अपना तिरंगा झुकाना नहीं चाहिए

**मोदी ने कहा कि कच्छ से मेरा रिश्ता बहुत पुराना रहा है। कच्छ के लोग और उनका आत्मविश्वास हमेशा मेरा मार्गदर्शन करता रहा है। जब पहली बार नर्मदा का पानी कच्छ पहुंचा, तो वो दिन कच्छ के लिए किसी दिवाली से कम नहीं था, और ये एक अभूतपूर्व उत्सव था। सौभाग्य से आप सभी ने मुझे इस अवसर का कारण बनने का मौका दिया।**

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को भारत के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चल रहे विवाद को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के उन आरोपों का खंडन किया कि उन्होंने सैन्य हमलों से पहले पाकिस्तान को सूचित किया था। संसद में सलाहकार समिति की बैठक के दौरान, जयशंकर ने आरोपों को बेईमानी और घटनाओं का गलत चित्रण करार दिया, जबकि सांसदों द्वारा उठाए गए प्रमुख मुद्दों पर स्पष्टता प्रदान की, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका की भूमिका, सिंधु जल संधि और ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित विवरण से संबंधित चिंताएं शामिल थीं। बैठक में मौजूद सूत्रों के अनुसार, जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सैन्य कार्रवाई ने सटीक तरीके से आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर पाकिस्तान के मनोबल को सफलतापूर्वक प्रभावित किया है। सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऑपरेशन पूरा होने के बाद, भारत के सैन्य संचालन महानिदेशक ने पाकिस्तान के डीजीएमओ को कार्रवाई के बारे में सूचित किया, न कि कार्रवाई शुरू होने से पहले, जैसा कि विपक्ष ने गलत तरीके से कहा था। यह विवाद तब शुरू हुआ जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जयशंकर पर सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार करने का आरोप लगाया कि भारत ने पाकिस्तान को ऑपरेशन के बारे में पहले ही सूचित कर दिया था। गांधी ने इस तरह की संवेदनशील जानकारी साझा करने से होने वाले संभावित नुकसान के बारे में चिंता जताई, उन्होंने सवाल किया कि इस संचार के कारण कितने भारतीय वायु सेना के विमान खो गए। गांधी ने एक वीडियो क्लिप का भी हवाला दिया जिसमें जयशंकर ने कथित तौर पर कहा कि ऑपरेशन की शुरूआत में हमने पाकिस्तान को एक संदेश भेजा था, जिसमें कहा गया था, 'हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं और हम सेना पर हमला नहीं कर रहे हैं। सेना के पास इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करने और बाहर खड़े होने का विकल्प है।

### जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले में दायर आरटीआई अर्जी खारिज, जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की गई थी

**भारत के सर्वोच्च न्यायालय बनाम सुभाष चंद्र अग्रवाल मामले में स्थापित कानूनी सिद्धांतों का हवाला देते हुए, सीपीआईओ ने कहा कि मांगी गई जानकारी का खुलासा नहीं किया जा सकता।**

एजेंसी



भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत दायर एक आवेदन को अस्वीकार कर दिया है, जिसमें न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी की खोज से संबंधित आंतरिक जांच रिपोर्ट तक पहुंच की मांग की गई थी। अमृतपाल सिंह खालसा द्वारा प्रस्तुत आरटीआई आवेदन में आंतरिक जांच समिति द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट और भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को उक्त रिपोर्ट को अग्रेषित करने के लिए लिखे गए पत्र की एक प्रति मांगी गई थी। इस आवेदन को सुप्रीम कोर्ट के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने 9 मई को खारिज कर दिया था।

# सीएम नीतीश ने फिर की हैरान करने वाली हरकत

## अधिकारी के सिर पर धर दिया गमला, वीडियो वायरल

**“इस साल मार्च की शुरूआत में, पटना में सेपक टाकरा विश्व कप के उद्घाटन के बाद जब राष्ट्रगान की घोषणा की गई तो नीतीश कुमार अचानक मंच से उतर गए। बाद में, जब राष्ट्रगान बजाया गया, तो वे मुस्कुराते हुए खड़े हो गए और खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाया।**

एजेंसी



बिहार के सीएम नीतीश कुमार की कुछ हरकतें सोशल मीडिया पर आजकल वायरल हो जा रही हैं। इसी कड़ी में आज बिहार के पटना में एलएन मिश्रा इंस्टीट्यूट में आयोजित एक कार्यक्रम में नीतीश कुमार ने एसीएस शिक्षा एस सिद्धार्थ के सिर पर फूलदान रखा, जिसे देखकर वहां मौजूद लोग हंस पड़े। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। डॉ एस सिद्धार्थ ने जैसे ही सीएम का स्वागत गमला देकर किया वैसे ही नीतीश ने तत्काल ही वह गमला उनके सिर पर रख दिया। इस साल मार्च की शुरूआत में, पटना में सेपक टाकरा विश्व कप के उद्घाटन के बाद जब राष्ट्रगान की घोषणा की गई तो नीतीश कुमार अचानक मंच से उतर गए। बाद में, जब राष्ट्रगान बजाया गया, तो वे मुस्कुराते हुए खड़े हो गए और खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाया। एक अन्य घटना में, कुमार को एक सार्वजनिक समारोह में एक महिला के कंधों पर हाथ रखते हुए देखा गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मंच पर थे। केंद्रीय और राज्य परियोजनाओं के लिए डमी चेक वितरित करते समय एक मध्यम आयु वर्ग की ग्रामीण महिला यह समझ पाने में विफल रही कि शाह उसे दर्शकों की ओर मुड़कर फोटो खिंचवाने के लिए कह रहे थे। इस दौरान नीतीश कुमार ने उनका हाथ खींचा और उन्हें पत्रकारों के सामने खड़ा कर दिया।

# सीजफायर और अमेरिका पर पीएम की चुप्पी बताती है कि दाल में कुछ काला है :सुरजेवाला

**बाड़मेर में जय हिंद रैली का आयोजन किया गया. इसमें राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने पीएम मोदी पर निशाना साधा.**

एजेंसी



बाड़मेर : ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के सम्मान में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को बाड़मेर में जय हिंद रैली का आयोजन किया गया. इस दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि राजस्थान की धरती देश की रक्षा करने वाले सैनिकों को पैदा करती है. इसे पराक्रम का महत्व पता है.सुरक्षा में सेंध लगी तो जिम्मेदार कौन ? : उन्होंने कहा कि भारत की सेना शौर्य का प्रतिबिंब है. भारत की सेना को जितना नमन करें वो कम है. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि एक कटु सत्य यह भी है कि भारत की सेना और भारत की सरकार का रिश्ता क्या है? सेना के लिए सरकार क्या कर रही है? यह एक्स सर्विसमैन, वीरांगनाएं जानना चाहती हैं. मोदी सरकार को घेरते हुए सुरजेवाला ने कहा कि 11 साल से फौज भर्ती को रोका गया है. 2 लाख फौजियों की कमी है. फौज में 50 हजार अफसरों की कमी है.

**चेताया** — आतंकवाद को लेकर शशि थरूर ने पड़ोसी मुल्क को चेताया

# 'पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी होगी'

एजेंसी



**“इस्लामाबाद द्वारा आतंकवाद को समर्थन दिए जाने पर नई दिल्ली के दृढ़ रुख के बारे में वैश्विक समुदाय को सूचित करने के उद्देश्य से एक बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत न केवल अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि उन लोगों को भी जवाबदेह ठहराने के लिए प्रतिबद्ध है जो आतंकवादियों को वित्तपोषित, प्रशिक्षित और हथियार प्रदान करते हैं।**

नयी दिल्ली। सीमा पार आतंकवाद को पाकिस्तान के समर्थन के खिलाफ एक कड़ा संदेश देते हुए, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने गुयाना में कहा कि भारत अपने नागरिकों को नुकसान पहुँचाने के बाद किसी को भी दंड से बच निकलने की अनुमति नहीं देगा। इस्लामाबाद द्वारा आतंकवाद को समर्थन दिए जाने पर नई दिल्ली के दृढ़ रुख के बारे में वैश्विक समुदाय को सूचित करने के उद्देश्य से एक बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत न केवल अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि उन लोगों को भी जवाबदेह ठहराने के लिए प्रतिबद्ध है जो आतंकवादियों को वित्तपोषित, प्रशिक्षित और हथियार प्रदान करते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के दौरे के बाद जॉर्जटाउन पहुंचे थरूर ने कहा कि हमारा संदेश बहुत स्पष्ट है। हमें आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना होगा, चाहे वह कहीं भी हो। हमें न केवल दुष्ट हत्यारों को न्याय के कटघरे में लाना है, बल्कि हमें उन लोगों को भी गंभीरता से चुनौती देनी होगी जो उन्हें वित्तपोषित कर रहे हैं, उन्हें प्रशिक्षित कर रहे हैं, उन्हें सुसज्जित कर रहे हैं, उन्हें उनके बुरे काम करने के लिए निर्देशित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान के साथ युद्ध में रुचि नहीं रखते हैं। हम अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने और अपने लोगों को उस दुनिया में लाने के लिए अकेले रहना पसंद करेंगे जिसके लिए वे 21वीं सदी में तैयार हो रहे हैं। लेकिन, दुर्भाग्य से पाकिस्तानियों, हम एक यथास्थितिवादी शक्ति हो सकते हैं लेकिन वे नहीं हैं। थरूर ने कहा कि वे भारत के नियंत्रण वाले क्षेत्र को चाहते हैं, और वे इसे किसी भी कीमत पर हासिल करना चाहते हैं। यदि वे इसे पारंपरिक तरीकों से हासिल नहीं कर सकते हैं, तो वे इसे आतंकवाद के माध्यम से हासिल करने के लिए तैयार हैं, और यह स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि अब हम इस बात पर दृढ़ हैं कि इस मामले में कोई नया निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए। हमने सब कुछ आजमा लिया है, अंतर्राष्ट्रीय डोजियर, शिकायतें...सब कुछ आजमा लिया गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इनकार करता रहा है, बिल्कुल भी दोषसिद्धि नहीं हुई, कोई गंभीर आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया गया, उस देश में आतंकी ढांचे को खत्म करने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

# गौरव गोगोई को लेकर कांग्रेस ने खेला बड़ा दांव, चुनाव से पहले असम में सौंपी पार्टी की कमान



एजेंसी

**“अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने कहा कि इस निर्णय को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंजूरी दे दी है और यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। गोगोई की पदोन्नति के साथ ही पार्टी ने असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के लिए तीन नए कार्यकारी अध्यक्षों की भी नियुक्ति की है।**

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा सांसद गौरव गोगोई को भूपेन कुमार बोरा की जगह असम इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। यह घोषणा एआईसीसी महासचिव के सी वेणुगोपाल ने की और पार्टी के एक्स हैंडल पर आधिकारिक रूप से साझा की। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने कहा कि इस निर्णय को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंजूरी दे दी है और यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। गोगोई की पदोन्नति के साथ ही पार्टी ने असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के लिए तीन नए कार्यकारी अध्यक्षों की भी नियुक्ति की है। ये तीन नाम जाकिर हुसैन सिकदर, रोजेलिना तिर्की और प्रदीप सरकार है। कलियाबोर से तीन बार सांसद रहे और असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई ने 2024 के लोकसभा चुनाव में जोरहाट सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। वह पूर्वोत्तर में पार्टी का एक प्रमुख चेहरा रहे हैं और राज्य और केंद्र दोनों में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के मुखर आलोचक रहे हैं। संगठनात्मक बदलाव ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हुआ है,

जब कांग्रेस असम में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है, जहां भाजपा ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण चुनावी बढ़त हासिल की है।

## सम्पादकीय

# न्यायपालिका से सवाल, लोकतांत्रिक व्यवस्था में संवाद की परंपरा का परिचय और प्रमाण

भारत संघीय व्यवस्था के बावजूद केंद्रीय प्रवृत्ति वाला राष्ट्र है। यह व्यवस्था अलगाव और अराजकता को नियंत्रित करते हुए देश की एकता-अखंडता सुनिश्चित करती है। उपरोक्त निर्णय की पृष्ठभूमि में राष्ट्रपति द्वारा पूछे गए प्रश्नों के आलोक में न्यायपालिका के उत्तर से न सिर्फ केंद्र-राज्य के संबंधों के समीकरण प्रभावित होगा बल्कि न्यायपालिका विधायिका और कार्यपालिका के संबंध और कार्यक्षेत्र भी पुनर्परिभाषित होंगे। पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उच्चतम न्यायालय से 14 सवाल पूछे। ये सवाल राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 143 (1) के तहत किए गए हैं। मूलतः ये प्रश्न न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका की संवैधानिक शक्तियों और कार्यक्षेत्र से भी संबंधित हैं। राष्ट्रपति ने कानून निर्माण के संबंध में राज्यपाल और राष्ट्रपति को संविधानप्रदत्त शक्तियों को न्यायिक आदेश द्वारा सीमित/नियंत्रित किए जाने पर प्रश्न चिह्न लगाया है। ये प्रश्न भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अंतर्निहित संवाद की स्वस्थ परंपरा का परिचय और प्रमाण हैं। दरअसल हाल में उच्चतम न्यायालय ने राज्यपाल बनाम तमिलनाडु राज्य नामक वाद का निर्णय दिया था। यह मामला तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों से संबंधित था। राज्य सरकार का कहना था कि विधानसभा द्वारा पारित कई विधेयक लंबे समय से राज्यपाल द्वारा लंबित रखे गए हैं। साथ ही राज्य सरकार ने राज्यपाल द्वारा एक साथ कई विधेयकों को राष्ट्रपति को विचारार्थ भेजने पर भी प्रश्न उठाया था। निश्चय ही, राज्यपाल द्वारा अनिश्चित अवधि तक विधेयकों को लंबित रखना भी संविधानसम्मत नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने उपरोक्त मामले में कुछ संवैधानिक पहलुओं को नए सिरे से प्रस्तुत किया है। पहला, राज्यपाल एवं राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों को स्वीकृति प्रदान करने के लिए समयसीमा का निश्चित किया जाना है। यह समय सीमा तीन माह तय की गई है। दूसरा, अगर समयसीमा के भीतर राज्यपाल या राष्ट्रपति द्वारा विधेयक पर प्रतिक्रिया नहीं दी जाती है तो राज्य के अनुरोध पर उच्चतम न्यायालय परमादेश रिट के तहत विधेयक को स्वीकृति प्रदान करने की क्षमता रखता है। तीसरा, उच्चतम न्यायालय ने स्वयं को संविधान के अनुच्छेद 142 द्वारा प्रदत्त शक्ति का उपयोग करते हुए 10 लंबित विधेयकों को कानून का दर्जा दे दिया है। इस तरह यह पहला अवसर है जब बिना राष्ट्रपति या राज्यपाल की स्वीकृति के विधेयक कानून बन गए हैं। यह न्यायपालिका द्वारा अपनी संवैधानिक शक्तियों और मयार्दा का अतिक्रमण है। इस निर्णय की पृष्ठभूमि में संवैधानिक वस्तुस्थिति को समझना आवश्यक है। सर्वप्रथम अनुच्छेद 200 की बात आती है। इसके तहत राज्यपाल या तो विधेयक को स्वीकृति देता है या उसे रोक लेता है ।

## आज का विचार







**मेष राशि:** दिन अच्छा रहेगा. कल जरूरी काम से शहर से बाहर जाना पड़ सकता है. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. बिजनेस में कोई बड़ी डील हो सकती है. आर्थिक लाभ होगा. परिवार में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे. परिवार में नया मेहमान आ सकता है.

**वृषभ राशि :** दिन सामान्य रहेगा. सोचे हुए काम पूरे होंगे. स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. परिवार में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे. शादी के प्रस्ताव मिलेंगे. व्यापार-व्यवसाय में आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. कोई भी फैसला सोच-समझकर लें.

**मिथुन राशि:** परिवार के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. व्यापार-व्यवसाय में आर्थिक लाभ प्राप्त होगा. कोई नया कार्य शुरू कर सकते हैं. परिवार में मांगलिक कार्यों का योग बनेंगे.

**कर्क राशि:** दिन अच्छा रहेगा. आप किसी विशेष कार्य से बाहर जा सकते हैं. यात्रा संभलकर करें. कोर्ट केस में कल जीत दर्ज होगी. व्यापार-व्यवसाय में आय के नए स्रोत बनेंगे. परिवार में मान सम्मान बढ़ेगा.

**सिंह राशि:** दिन उतार चढाव वाला रहेगा. स्वास्थ्य के कारण कल परेशान रहेंगे. मानसिक तनाव और क्लेश बना रहेगा. वाहन संभल कर चलाएं. लापरवाही के कारण चोट लग सकती है. पत्नी व परिवार से मतभेद हो सकता है.

**कन्या राशि:** स्वास्थ्य पर ध्यान दें. खानपान पर नियंत्रण रखें. बाहर यात्रा पर जाएं, तो वाहन का उपयोग संभल कर करें. व्यापार व्यवसाय में नुकसान उठाना पड़ सकता है. किसी करीबी के कारण हाथ से बड़ा ऑफर निकल सकता है.

**तुला राशि :** किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी. मन प्रसन्न रहेगा. कोई रुका हुआ कार्य पूर्ण होगा. व्यापार-व्यवसाय में लाभ के योग बनेंगे. परिवार में आप के मान सम्मान में वृद्धि होगी कोई नया वाहन आदि खरीद सकते हैं.

**वृश्चिक राशि:** दिन अच्छा रहने वाला है. बहुत दिन से जिस कार्य का सोच रहे हैं, वो पूरा होगा. किसी विशेष व्यक्ति का सहयोग मिलेगा. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. व्यापार-व्यवसाय में आर्थिक लाभ होगा.

**धनु राशि:** पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर परेशान रहेंगे. परिवार से सहयोग मिलेगा. व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण बड़ा नुकसान हो सकता है. कल वाहन चलाने में सावधानी बरतें. पैतृक संपत्ति में आपको आप का हिस्सा मिल सकता है.

**मकर राशि:** दिन बहुत भागदौड़ से भरा रहेगा. कोई नया कार्य शुरू कर सकते हैं, जिसके लिए आपको अत्यधिक परिश्रम करना पड़ सकता है. व्यापार-व्यवसाय में सहयोगियों का व्यवहार अच्छा रहेगा.

**कुंभ राशि :** दिन परेशानियों से भरा रहेगा. कोर्ट कचहरी आदि के विवाद में फंस सकते हैं. आपका कोई व्यापार में बड़ा नुकसान हो सकता है. विरोधी वर्ग आपके प्रति षड्यंत्र रह सकते हैं. कोई बड़ा निवेश व्यापार में ना करें.

**मीन राशि:** दिन शुभ है. किसी बड़ी समस्या से मुक्त हो सकते हैं. कोर्ट कचहरी के मामले में विजय प्राप्त होगी. व्यापार व्यवसाय में लाभ मिलेगा. रिश्तेदार मित्रों का आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# उद्देश्य से भटकी भारत की राजनीति, समाज को जागरूक-सचेत करने का काम भुला दिया जाना चिंताजनक

**"राजनीतिक क्षेत्र में मूल्यों का अवमूल्यन हुआ है लोकहित की तुलना में निजी एवं दलहित सर्वोपरि हो गया है। केवल वोट हितैषी राजनीति से सामाजिक परिवर्तन का काम सही तरह संभव नहीं है। सामाजिक जागरण का काम सतत प्रवाही होना चाहिए और यह काम राजनीतिक दलों को करना चाहिए। यदि जन जागरण का काम रुकता है तो दुर्गति शुरू हो जाती है।"**

पाराष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों के इस संवेदनशील समय में भी दलतंत्र के बीच राष्ट्रीय प्रश्नों पर एकता नहीं है। आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं। राजनीति के माध्यम से समाज को जगाकर राष्ट्र भाव भरने का काम प्रायः बंद है। राजनीति का उद्देश्य वोट बैंक जुटाना ही दिखाई पड़ रहा है। अजीब स्थिति है। आमजनों में राष्ट्रभक्ति का ज्वार है, लेकिन दलतंत्र में राष्ट्रीय महत्व के प्रश्नों पर भी सहमति नहीं है। यह तब है जब भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की असलियत बताने के लिए दुनिया के प्रमुख देश जा रहे हैं। इस पर भी प्रश्न उठ रहे हैं। इससे वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य निराशा पैदा करने का काम कर रहा है। याद रहे कि राजनीति ही सारी समस्याओं का समाधान नहीं होती। समय-समय पर सामाजिक पुनर्जागरण भी अनिवार्य होते हैं। सचेत राष्ट्रभक्त शाश्वत मूल्यों और आदर्शों के लिए जागरूकता पैदा करते रहे हैं। भारत की संस्कृति और राष्ट्रभाव का विकास इसी निरंतरता में हुआ है। वस्तुतः कोई भी समाज व्यवस्था स्वयं पूर्ण नहीं होती और न ही राजनीति। संस्कृति राष्ट्रभाव का संवर्धन करती है और संविधान राजव्यवस्था का मार्गदर्शी होता है। विश्व के सभी समाजों में अंतर्विरोध रहे हैं और आज भी हैं। यूरोपीय समाज में एक समय घोर अंधकार था। अंधविश्वास जोर पर था। सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने 13वीं सदी से पुनर्जागरण का काम लंबे समय तक जारी रखा। पुनर्जागरण से यूरोपीय समाज




और दृष्टिकोण में आधारभूत परिवर्तन आए थे। भारत का स्वाधीनता संग्राम अपने ढंग का दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय आंदोलन था। यह संघर्ष लंबा चला था। सत्ता परिवर्तन ही इस आंदोलन का लक्ष्य नहीं था। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान लाखों लोगों का उत्पीड़न हुआ था। लेखक-विचारक और सामाजिक कार्यकर्ता उत्पीड़ित किए गए। तब सत्ता प्राप्ति की प्रबल आशा नहीं थी, लेकिन आंदोलन राष्ट्रीय स्वाभिमान, स्वदेशी और स्वराष्ट्र भाव से जुड़ा था। गांधी जी ने कहा था, ह्यहम ब्रिटिश सत्ता को हटाने के लिए ही आंदोलन नहीं कर रहे हैं। हम अंग्रेजी उपकरणों से देश नहीं चला सकते इससे तो अंग्रेजी सत्ता ही भली है।ह्व राजनीतिक सत्ता की शक्ति बेशक बड़ी होती है, लेकिन सत्ता के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का काम संभव नहीं है। राजनीतिक शक्ति की सीमा है और लोक शक्ति असीम है। गांधी जी ने कहा था, ह्यसत्ता परिवर्तन ही हमारा उद्देश्य नहीं है। हम राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में परिवर्तन चाहते हैं। डा. आंबेडकर सत्ता सहित सभी लोकतांत्रिक उपायों से सामाजिक परिवर्तन चाहते थे। डा. राममनोहर लोहिया ने बड़ी बात कही थी, ह्यवे लोग मूर्ख हैं जो अंग्रेजी के वर्चस्व, जाति तोड़ो आदि विषयों पर विधायिका (सत्ता भी) से कोई उम्मीद करते हैं। ऐसे काम हमेशा जनता ही कर सकती है। दीनदयाल उपाध्याय ने दो तरह के दल बताए थे, ह्यएक परिवर्तन का इच्छुक और दूसरा यथास्थिति का पक्षधर। लोकमत के परिष्कार से ही राष्ट्र जीवन के लक्ष्य संभव हो सकते हैं। स्वाधीनता संग्राम के लक्ष्य व्यापक थे। इससे एक नई राजनीतिक संस्कृति का विकास हुआ था। त्याग और स्वदेशी आधारित इस आंदोलन ने समाज का आंतरिक रसायन बदल दिया था। स्वतंत्रता के बाद सभी संकीर्णताओं के विरुद्ध अभियान चलाने की आवश्यकता थी। स्वाधीनता संग्राम के आदर्शों की प्रतिष्ठा संविधान के अनुच्छेद 51 (क) में पठनीय हैं। इस सूची में संविधान का पालन, उसकी संस्थाओं, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्रगान का आदर भी नागरिक कर्तव्य हैं। राष्ट्रीय अखंडता, संप्रभुता और एकता, भेदभावरहित भाईचारा और समरसता महत्वपूर्ण संवैधानिक कर्तव्य हैं। देश की आवश्यकतानुसार विधि बनाना संसद का काम है, लेकिन नए कानून के बनाए जाने की आवश्यकता का मूल स्रोत समाज है। सामाजिक जागरण से नई विधि की मांग पैदा होती है। समाज जागरूक न हो तो नई विधि व्यवस्था की मांग नहीं उठती। जन जागरण समय का आह्वान है। देश में संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति सम्मान घटा है। दुख की बात है कि कभी-कभी संवैधानिक संस्थाएं भी अपनी-अपनी अस्मिता के लिए झगड़ती दिखती हैं। राजनीति अपनी संस्कृति से दूर होती है, तो ऐसा ही होता है। दलतंत्र को संयम और अनुशासन में रखने का काम सामाजिक नवजागरण से ही संभव है। आपातकाल के दौरान चले आंदोलन ने संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को बहाल किया। अपने विचार के पक्ष में समर्थन जुटाना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन वोट के लिए किसी भी सीमा तक जाना चिंताजनक है। राष्ट्रजीवन के आदर्शों एवं निहित स्वार्थी मूल्यों में टकराव स्वाभाविक है। सजग राष्ट्रभक्त इतिहास से सीख लेते हैं। राष्ट्रहित में समाज को जागरूक करते हैं। जो समाज ऐसा नहीं करते, वे जड़ हो जाते हैं और जो ऐसा करते हैं वे इतिहास के मार्गनिमार्ता कहे जाते हैं। राष्ट्रजीवन के अनेक मुद्दे जनअभियान से ही हल किए जा सकते हैं। दलतंत्र से ऐसी समस्याओं के समाधान की अपेक्षा नहीं की जा सकती। सभी दलों को मिलकर जातिवाद, संप्रदायवाद आदि के विरुद्ध अभियान चलाने की आवश्यकता है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। जिन समस्याओं का समाधान राजनीति नहीं कर सकती, उनका सजग और एकजुट समाज कर सकता है। बशर्ते राजनीतिक दल समाज को सजग करें। समाज को जागरूक करने और उसमें उसके कर्तव्य के निर्वहन का भाव जगाने का अभियान चलाकर हर तरह की समस्याओं का आसानी से समाधान संभव है, मगर आज की राजनीति सामाजिक जागरूकता लाने का कोई ठोस जतन नहीं करती। राजनीतिक क्षेत्र में मूल्यों का अवमूल्यन हुआ है, लोकहित की तुलना में निजी एवं दलहित सर्वोपरि हो गया है। केवल वोट हितैषी राजनीति से सामाजिक परिवर्तन का काम सही तरह संभव नहीं है। सामाजिक जागरण का काम सतत प्रवाही होना चाहिए और यह काम राजनीतिक दलों को करना चाहिए। यदि जन जागरण का काम रुकता है तो दुर्गति शुरू हो जाती है। और लोकतंत्र की परिभाषा-वोट द्वारा वोट के लिए वोट जुटाने का उद्योग बन जाती है।

# आज का परिदृश्य : नशे के अपराध का अंधेरा, बर्बाद होती नई नस्ल



**संजीव ठाकुर**

देश में लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है नशीले पदार्थ अपराधिक गतिविधियों के लिए शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन हुआ है नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती, और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है दूसरी तरफ दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों में सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नशे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र पंजाब और अन्य राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिऐ मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके ,शराब से तो अपराध होते ही हैं पर सूखे नशे से अपराधिक ज्यादा उम्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते केंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है अंतरराष्ट्रीय सीमा से आने वाला ड्रग्स शारीरिक रूप से भी काफी नुकसानदेह होता है अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने का एक राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जितने व्यक्ति नशा करके अपराध करने के लिए दोषी हैं उससे ज्यादा दोषी नशीले पदार्थों के तस्करी करने वाले भी है, तस्कर समूह को चिन्हित कर उस पर बड़ी कार्रवाई करने की देश को गंभीर आवश्यकता है, देश में शराब जहां ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ी बुराई है उससे ग्रामीण आमजन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शारीरिक नुकसान भी बहुत बड़ा होता है, इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में खासकर बड़े शहरों में सुखा नशा एक बडी सामाजिक बीमारी की तरह अत्यंत गंभीर चुनौती बन गई है, इसे रोकने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए तभी इस सामाजिक गंभीर समस्या पर कुछ राहत और निदान मिल सकता है

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुरक्षा और सुशासन के स्वर्णिम ग्यारह साल

**(सुरेश पचौरी)**

लोकतंत्र में श्रेष्ठ नेतृत्व की पहचान नीति, नीयत और निष्ठा की कसौटी पर खरा उतरने से होती है, यह एक सुखद पक्ष है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस मापदंड पर सर्वथा खरे उतरे हैं। देश की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ उन्हें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी और उन्होंने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की प्रथम बार शपथ ली। बतौर प्रधानमंत्री अपने 11 वर्ष के लगातार कार्यकाल में उन्होंने राजपथ को कर्तव्य पथ के रूप में स्वीकारा तथा देशवासियों का विश्वास जीतने में कामयाब रहे।

श्री नरेन्द्र मोदी ऐसे कर्मयोगी हैं, जो 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के राष्ट्र-भाव को चरितार्थ करते हुए 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' का संकल्प लेकर भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने में अहर्निश लगे हुए हैं। संक्षेप में कहा जाए तो मोदी जी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार का सिद्धांत है- रिफार्म, परफार्म एवं ट्रांसफॉर्म, प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की सिद्धि के लिए अपनी प्राथमिकता में ॠअठ को रखा है। ॠ का तात्पर्य गरीब, का तात्पर्य युवा, अ का तात्पर्य अन्नदाता किसान और ठ का तात्पर्य नारी, वर्तमान में केंद्र सरकार ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं में इन पर अधिक फोकस किया है।

## गरीब कल्याण कार्यक्रम

केन्द्र सरकार ने समाज के शोषित, वंचित, पीड़ित एवं सर्वहारा वर्ग के हितों को दृष्टिगत रखते हुए अनेक ऐतिहासिक एवं कल्याणकारी निर्णय लिये हैं। श्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की। पिछले 11 वर्षों में यह अभियान एक जन आंदोलन बन गया है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालय बन चुके हैं। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ गैस कनेक्शन निःशुल्क दिये गये हैं। पिछले 5 सालों में जल जीवन मिशन के तहत 12 करोड़ परिवारों के घरों में नल से जल देने का काम पूरा हुआ है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को 4 करोड़ घर मिल चुके हैं। देश के 80 करोड़ जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत मार्च 2025 तक कुल 55.02 करोड़ जन-धन खाते देश में खोले जा चुके हैं। इन्हीं सब प्रयासों की वजह से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ गये हैं।

## युवा शक्ति की बेहतरी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकताओं में युवाओं के लिए अच्छा स्वास्थ्य, फिटनेस और उन्हें उचित हुनर से लैस करना शामिल है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मुद्रा कोष योजना और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने भारत को विकसित राष्ट्र की ओर आगे बढ़ाया है। मार्च 2025 तक समर्थ पोर्टल पर लगभग 5 लाख उपयोगकर्ता पंजीकृत हुये, जिनमें से 77 प्रतिशत युवाओं को प्लेसमेंट मिल चुका है। स्टार्टअप इंडिया के तहत 16 लाख लोगों को प्रत्यक्ष नौकरियां मिली हैं और नौजवान इन योजनाओं से प्रभावित होकर स्वरोजगार स्थापित कर रहे हैं।

## किसान कल्याण

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन बहुत साफ है कि किसानों को उनकी पैदावार का सही दाम मिले। इस बाबत फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में रिकार्ड बढ़ोत्तरी की। किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों को उनके बैंक खातों में हर चार महीनों में दो हजार रुपये पहुचाये जाते हैं।

# बॉयफ्रेंड संग लंच पर रेसॉर्ट गई, चिकन खाते समय गले में फंसी हड्डी, पालघर की युवती की तड़पकर मौत

महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक रिसॉर्ट में ठहरी 27 वर्षीय महिला की भोजन के दौरान कथित तौर पर दम घुटने से मौत हो गई। केलवा थाने की निरीक्षक विजया गोस्वामी ने बताया कि यह घटना 23 मई को हुई। महिला अपने पुरुष मित्र के साथ रिसॉर्ट में गई थी।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : पालघर में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक लड़की अपने बॉयफ्रेंड के साथ होटल में खाना खाने गई थी। वहां उन्होंने बिरयानी मंगवाई। रयानी खाते समय लड़की के गले में चिकन का एक छोटा सा हड्डी का टुकड़ा अटक गया। इससे उसे सांस लेने में बहुत परेशानी होने लगी। उसका बॉयफ्रेंड उसे तुरंत अस्पताल ले जाने लगा। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इस घटना से पालघर में सनसनी फैल गई है।अचानक गले की हड्डी बना चिकनपुलिस ने बताया कि 27 साल की लड़की और उसका बॉयफ्रेंड आउटर के एक रेसॉर्ट में गए थे। वे यहां के रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचे। उन्होंने चिकन बिरयानी का ऑर्डर दिया। दोनों बड़े मजे से बिरयानी खा रहे थे। वे बहुत खुश दिख रहे थे। तभी अचानक लड़की के गले में हड्डी फंस गई। वह खांसने लगे। उसके बॉयफ्रेंड ने उसे पानी दिया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। हड्डी अटकने से उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी।अस्पताल पहुंचने से पहले हुई मौतकाफी देर तक हड्डी उसके गले में फंसी रही। सांस न ले पाने के कारण वह बेहोश हो गई। उसकी हालत देखकर बॉयफ्रेंड उसे फौरन अस्पताल ले गया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी जान चली गई थी।

# मुंबई में मई महीने में रोज कोविड के औसतन 9 मरीज मिल रहे, आईएमए ने कहा- कोरोना को लेकर घबराएं नहीं, सावधानी बरतें

मुंबई में मई महीने में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं, रोजाना औसतन 9 मरीज मिल रहे हैं। इंडियन मेडिकल काउंसिल (आईएमए) ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। आईएमए के अनुसार, कोविड के लक्षण हल्के हैं, जैसे बुखार और सर्दी-जुकाम। एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल न करें।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : महानगर में मई महीने में कोविड के मामलों में वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, मुंबई में औसतन रोजाना 9 लोगों में कोविड की पुष्टि हो रही है। मुंबई सहित देशभर में बढ़ते कोविड मामलों को लेकर इंडियन मेडिकल काउंसिल ने कहा कि कोविड से घबराएं नहीं, बल्कि सावधानी बरतें।आईएमए कोविड टास्क फोर्स के सह-अध्यक्ष डॉ. राजीव विजयादेवन ने नवभारत टाइम्स से बातचीत में बताया, कोविड फिर से लौट रहा है, लेकिन इसका प्रभाव वैसा नहीं है, जैसा 2020 या 2021 में था। उन्होंने कहा, कोविड अब चक्रों में आता रहेगा यानी हर कुछ महीनों में इसके नए रूप देखने को मिल सकते हैंमुंबई और पुणे में कोविड मरीज

डॉ. राजीव ने समझाते हुए बताया, जब वायरस आता है, शरीर एक प्रतिक्रिया देता है, लेकिन कुछ समय बाद वह प्रतिक्रिया भी सामान्य हो जाती है। इसी दौरान अगर वायरस बदलता है, तो पुरानी इम्युनिटी उतनी असरदार नहीं रहती और लोग फिर से संक्रमित हो सकते हैं। रविवार को राज्य में 43 नए कोविड मरीज मिले, जिसमें मुंबई में 35, पुणे शहर में 7 और पुणे ग्रामीण में 1 मरीज मिला है। राज्य में जनवरी से अब तक कुल 300 लोग कोविड से संक्रमित हुए हैं, जिसमें से 248 मरीज मुंबई में मिले हैं। मुंबई में मई महीने में ही 242 लोगों में कोविड की पुष्टि हुई है।लक्षण मामूली, जल्द ठीक हो रहे मरीजडॉ. राजीव ने कहा, इस बार कोविड के लक्षण बहुत हल्के हैं। बुखार, सामान्य सर्दी-जुकाम, हल्की थकान आदि। अधिकांश लोग बिना किसी खास इलाज के 3-4 दिन में ठीक हो रहे हैं। उन्होंने कहा, एंटीबायोटिक का उपयोग बिल्कुल न करें यह वायरस के लिए असरदार नहीं होते। मृत्यु के मामले और कोमोरबिडिटीमहाराष्ट्र में अब तक कोविड से 4 मौतें हुई हैं, जिनके बारे में डॉ. राजीव ने कहा, सभी मरीज पहले से किसी न किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे जैसे कैंसर, किडनी रोग या मधुमेह। ऐसे मरीजों में कोई भी छोटी बीमारी गंभीर साबित हो सकती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि कोविड अब भी जानलेवा है।

## इन बातों का रखें ध्यान

घबराएं नहीं, हल्के लक्षण दिखें, तो डॉक्टर से सलाह लें।

एंटीबायोटिक्स का सेवन खुद से न करें।

फ्लू का टीका लगवाना लाभकारी, लेकिन कोविड से सुरक्षा नहीं देता।

फास्ट ट्रैक

# मुंबई के पाली हिल्स में एक्ट्रेस मीना कुमारी ने खरीदी थी लैंड, दशकों बाद क्यों चर्चा में करोड़ों की प्रॉपर्टी?

मीना कुमारी ने छोटी उम्र से ही फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। उन्हें फिल्म राइटर और डायरेक्टर कमाल अमरोही से प्यार हो गया था। मीना कुमारी और कमाल अमरोही ने निकाह कर लिया। निकाह के कुछ समय बाद ही दोनों का रिश्ता बिगड़ने लगा। कमाल अमरोही मीना पर बंदिशें लगाते थे। कहा जाता है कि वह उन्हें पीटते भी थे।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई :बीते जमाने के मशहूर बॉलीवुड कपल की कहानी फिर सामने आई है। यह कहानी है मीना कुमारी और कमाल अमरोही की। जिंदा रहते जहां दोनों की मोहब्बत से लेकर उनके विवाद की चर्चा होती थी, वहां अब उनकी मौत के बाद, उनकी संपत्ति को लेकर एक नया मामला सामने आया है। इस मामले से पाली हिल की एक पॉश हाउसिंग सोसाइटी के 162 परिवार परेशान हैं। कोर्ट ने इन परिवारों को 6 महीने के अंदर घर खाली करने का आदेश दिया है।1959 में, मीना कुमारी और कमाल अमरोही ने मिलकर पाली हिल में 2.5 एकड़ का एक प्लॉट खरीदा था। उस समय इसकी कीमत लगभग 5 लाख रुपये थी। उन्होंने इस जमीन को एक डेवलपर को लीज पर दिया। डेवलपर ने यहां पांच इमारतें बनाईं, जिनका नाम कोजीहोम कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी रखा गया।विवाद 1970 के दशक में शुरू हुआ। कमाल अमरोही ने सोसाइटी पर आरोप लगाया कि वह जमीन का पूरा किराया नहीं दे रही है। किराया था 8835 रुपये प्रति महीना। सोसाइटी का कहना था कि उन्होंने कम किराया इसलिए दिया क्योंकि जमीन का कुछ हिस्सा मालिक का नहीं था। 1991 में, कमाल अमरोही ने किराया बकाया होने के कारण जमीन खाली कराने के लिए मुकदमा दायर किया। बकाया किराया 66,060 रुपये था।कमाल अमरोही की मृत्यु केस करने के दो साल बाद हो गई, लेकिन उनके बच्चों ने कानूनी लड़ाई जारी रखी। 23 अप्रैल 2025 को बांद्रा की स्मॉल कॉज कोर्ट ने कमाल अमरोही के बेटे बिल्डर बेटे ताजदार अमरोही और अरहम लैंड डेवलपर्स के पक्ष में फैसला सुनाया। ताजदार अमरोही ने बताया कि हम केस जीत गए। सोसाइटी को छह महीने के अंदर जगह खाली करने के लिए कहा गया है।कोजीहोम में रहने वालों का कहना है कि सोसाइटी इस बेदखली के आदेश को चुनौती देने के लिए अगले महीने बॉम्बे हाई कोर्ट जाएगी। इस आदेश से 162 परिवार बेघर हो जाएंगे, जिनमें ज्यादातर बुजुर्ग हैं, जिन्होंने 50 साल पहले यहां अपार्टमेंट खरीदे थे। निवासियों ने कहा कि सोसाइटी ने ब्याज के साथ सभी लंबित किराए का भुगतान कर दिया है और पिछले दो दशकों से एस्क्रो खाते में राशि जमा कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरा मामला केवल जमीन से संबंधित है, उस पर बनी इमारतों से नहीं। हम हाई कोर्ट में अपनी अपील में इस बात को रखेंगे।

# शराब के नशे में घर आया बेटा, खाना नहीं बनाने पर मां की कर दी हत्या; पुलिस ने किया गिरफ्तार

महाराष्ट्र के धुले जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक पच्चीस वर्षीय युवक अवलेश पवारा ने अपनी मां टिपाबाई पवारा की हत्या कर दी क्योंकि उन्होंने उसके लिए उठकर खाना नहीं बनाया था। शराब के नशे में धुत अवलेश ने अपनी मां के सिर पर लकड़ी के डंडे से वार किया जिससे उनकी मौत हो गई।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई। महाराष्ट्र के धुले में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 25 साल के युवक ने अपनी मां का सिर्फ इसलिए कत्ल कर दिया, क्योंकि उसने उसके लिए उठकर खाना नहीं बनाया था।आरोपी ने महिला के सिर पर डंडे से तेज वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि वारदात के वक्त आरोपी शराब के नशे में था।कुत्ते ने खराब कर दिया था खानये मामला थालनेर क्षेत्र के वाथोडे गांव का है। घटना 24 मई को हुई थी। पुलिस के मुताबिक, 65 वर्षीय महिला टिपाबाई पवारा ने अपने बेटे अवलेश के लिए मछली बनाई थी। इसके बाद वह अपनी झुग्गी में सोने चली गई।मछली की गंध पाकर एक कुत्ता वहां पहुंच गया और उसने खाना खराब कर दिया। देर रात जब अवलेश घर वापस आया, तो उसे खाना खराब मिला। वह शराब के नशे में था। उसने अपनी मां को उठकर फिर से खाना बनाने के लिए कहा।सिर पर डंडे से किया था वारलेकिन टिपाबाई ने कोई जवाब नहीं दिया।

# अच्छे लुक्स के कारण महाराष्ट्र महिला आयोग की कुर्सी मिली...

## कौन हैं रूपाली चाकणकर? जिनपर विपक्ष ने कसा तंज

महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर विवादों में घिरी हैं, विपक्षी दलों ने हगवणे परिवार से जुड़ी शिकायत पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अगर चाकणकर ने समय पर कार्रवाई की होती तो वैष्णवी हगवणे की जान बच सकती थी।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणेः महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली रुपाली चाकणकर इन दिनों विवादों में हैं। विपक्षी पार्टियां और मानवाधिकार कार्यकर्ता उन पर हगवणे परिवार से जुड़ी एक शिकायत पर कार्रवाई न करने का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि अगर रुपाली ने एनसीपी नेता राजेंद्र हगवणे की बहू वैष्णवी हगवणे की शिकायत को गंभीरता से लिया होता, तो शायद उनकी जान बच जाती। विपक्षी दलों ने रुपाली द्वारा पत्रकारों से बात करते हुए उन्हें चिल्लर (खुल्ले पैसे) कहने पर भी कड़ी आपत्ति जताई है। ठउढ नेता धनंजय मुंडे की पत्नी करुणा मुंडे ने तो यहां तक कह दिया कि वह अपनी अच्छी सूरत के कारण महिला आयोग के पद पर बैठी हैं। इस पूरे मामले में चकंकर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताया है।

चकंकर पर लगाए जा रहे ये आरोप

विपक्षी दलों का आरोप है कि रूपाली चाकणकरने हगवण परिवार के मामले में ठीक से काम नहीं कर रही हैं। उनका कहना है कि चाकणकर ने एनसीपी एसपी नेता राजेंद्र हगवणे की बहू वैष्णवी की शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। इसलिए वैष्णवी ने आत्महत्या कर ली। एनसीपी की राज्य महिला विंग की प्रमुख रोहिणी खड़से ने कहा कि चाकणकर एनसीपी में एक महत्वपूर्ण पद पर हैं। वह दोनों पदों को ठीक से नहीं संभाल पा रही हैं। इसलिए राज्य महिला आयोग को एक पूर्णकालिक अध्यक्ष की जरूरत है, न कि अंशकालिक की। खड़से ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर इस पद पर एक स्वतंत्र व्यक्ति को नियुक्त करने की मांग की है।

शिवसेना यूबीटी ने मांगा इस्तीफा

शिवसेना नेता और मुंबई की पूर्व महापौर किशोरी पेडनेकर ने कहा कि रूपाली चाकणकर का व्यवहार दिन-ब-दिन अहंकारी होता जा रहा है। वह विपक्षी नेताओं के खिलाफ चिल्लर जैसे आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रही हैं। एक संवेदनशील मुद्दे को संभालते समय हमें अधिक संवेदनशील होना चाहिए। लेकिन वह एक टेलीविजन बहस के दौरान चर्चा से भाग जाती हैं। ऐसी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है।

# एक बार फिर मराठा आरक्षण की मांग उठाने की तैयारी, अगस्त में आंदोलन करेंगे मनोज जरांगे पाटिल

मुंबई :मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मनोज जरांगे पाटिल 29 अगस्त को मुंबई की ओर मार्च करेंगे। उन्होंने जालना जिले के महाकाला गांव में यह घोषणा की। मनोज मराठा समुदाय के सदस्यों से मुंबई में आंदोलन की तैयारी करने की अपील की। उन्होंने मराठों के लिए ओबीसी कोटे के तहत आरक्षण की मांग की है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



जलाना। मराठा कोटे के लिए मनोज जरांगे पाटिल फिर आंदोलन करेंगे। मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर वह 29 अगस्त को मुंबई की ओर मार्च करेंगे। उन्होंने जालना जिले के महाकाला गांव में रविवार को यह घोषणा की।मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मनोज कई बार भूख हड़ताल कर चुके हैं। मनोज ने मराठा समुदाय के सदस्यों से मुंबई में 12 से 13 दिनों तक चलने वाले आंदोलन की तैयारी करने की अपील की। उन्होंने मराठों के लिए ओबीसी कोटे के तहत आरक्षण की मांग की है। वह मराठों को कुनबी (खेतिहर मराठा) के रूप में मान्यता देने की मांग कर रहे हैं।

मुंबई में मार्च निकालने की तैयारीकुनबी को ओबीसी आरक्षण के लाभ मिलते हैं। मनोज ने कहा कि मेरी सेहत बिगड़ रही है, लेकिन मैं तब तक नहीं मरूंगा जब तक हमें आरक्षण नहीं मिल जाता। हम मुंबई की ओर मार्च करेंगे और हम खाली हाथ वापस नहीं आएंगे।

सीएम फडणवीस पर भी मनोज जरांगे ने लगाए आरोपउन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाया कि वह ओबीसी नेता छगन भुजबल के जरिये मराठा और ओबीसी समुदायों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। भुजबल राकांपा के वरिष्ठ नेता हैं। उन्हें इसी सप्ताह राज्य मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

# एसटी की पट्टे ली जाने वाली इलेक्ट्रिक बस का अनुबंध रद्द करें : प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , परिवहन मंत्री तथा एसटी महामंडल के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने निर्देश दिया है कि एसटी महामंडल द्वारा इस कंपनी के साथ किए गए निविदा समझौते को रद्द करने की कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि संबंधित कंपनी 5150 पट्टे पर दी गई इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति में निष्क्रिय हो गई है। वह आज निगम मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

मंत्री सरनाईक ने कहा कि संबंधित बस आपूर्तिकर्ता संगठन को 22 मई तक 1,000 बसों की आपूर्ति के लिए संशोधित समय-सारिणी दी गई थी। लेकिन इस अवधि तक संबंधित कंपनी को एक भी बस उपलब्ध कराना संभव नहीं हो पाया है। इसलिए भविष्य में इस संगठन द्वारा बसों की आपूर्ति को लेकर संशय बना हुआ है। यदि निगम को वर्तमान में बसों की सख्त आवश्यकता है और संबंधित संस्था समय पर बसें उपलब्ध कराने में असमर्थ है तो इस कंपनी के साथ टेंडर समझौता रद्द किया जाना चाहिए। वर्तमान में एसटी निगम द्वारा संचालित शिवशाही बसों का चरणबद्ध तरीके से पुनर्निर्माण किया जाना चाहिए और उन्हें हिरकणी (अर्ध-आरामदायक) बसों में परिवर्तित किया जाना चाहिए। मंत्री सरनाईक ने यह भी निर्देश दिए कि बसें पहले की तरह हरे और सफेद रंग में ही रहेंगा। मंत्री के रूप में जब मैंने राज्य के विभिन्न बस स्टेशनों का दौरा किया तो वहां सफाई के प्रति गहरी उदासीनता देखी। इस संबंध में यात्रियों, विशेषकर महिला यात्रियों की ओर से लगातार शिकायतें आ रही हैं। जब यह अपेक्षा की जाती है कि गलती सामने आने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, तब अगर ऐसे अधिकारियों को समर्थन दिया जा रहा है तो इसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री प्रताप सरनाईक ने यह साहसिक बयान दिया।

# महाराष्ट्र में शिक्षक भर्ती घोटाला आया सामने, 500 से अधिक टीचरों की नियुक्ति में हुई धांधली

महाराष्ट्र में शालार्थ आईडी घोटाले की जांच कर रही एसआईटी ने 500 से अधिक शिक्षकों की अवैध भर्ती का खुलासा किया है। सरकारी पोर्टल के माध्यम से वेतन और सेवा रिकॉर्ड में फर्जीवाड़े किए गए। जांच में पता चला कि कई शिक्षकों की नियुक्ति फर्जी दस्तावेजों और रिश्वत के आधार पर हुई। यह घोटाला 100 करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नागपुर। महाराष्ट्र में 'शालार्थ आईडी' घोटाले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पदार्फाश किया है कि 500 से अधिक शिक्षकों की भर्ती निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किए बगैर की गई।शालार्थ महाराष्ट्र सरकार का एक केंद्रीकृत पोर्टल है, जो सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के कर्मचारियों के वेतन और सेवा रिकॉर्ड का प्रबंधन करता है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एसआईटी ने पाया है कि नियुक्त किए गए 622 शिक्षकों में से केवल 75 को उचित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए नियुक्त किया गया था।100 करोड़ से अधिक का घोटालाशेष 547 से 20-30 लाख रुपये प्रति शिक्षक के हिसाब से भुगतान लेने के बाद फर्जी पहचान पत्रों का उपयोग कर नियुक्त किया गया था। इसका अर्थ है कि यह घोटाला 100 करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। एसआईटी प्रभारी और सहायक पुलिस आयुक्त सुनीता मेश्राम ने बताया कि जांच अब शिक्षा विभाग के उप निदेशकों के अलावा शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों पर केंद्रित है।मेश्राम ने कहा कि इस मामले में और गिरफ्तारियां की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि एक टीम शुक्रवार को भंडारा में सेवानिवृत्त उप निदेशक सतीश मेंढे को उनकी संलिप्तता के लिए गिरफ्तार करने गई थी, लेकिन वह अपने आवास पर नहीं मिले।इस पूरे मामले की जांच के लिए अप्रैल में एसआईटी का गठन किया गया था, जिससे यह पता लगाया जा सके कि नागपुर में शालार्थ पोर्टल के जरिये वेतन आवंटित करने लिए फर्जी पहचान का इस्तेमाल कैसे किया गया। इस मामले में अब तक कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

फैसला

## अब किसान को मिलेगा 10 लाख का मुआवजा; कोर्ट का बड़ा फैसला

# बिजली विभाग की लापरवाही से खाक हो गई फसल

नागपुर उपभोक्ता आयोग ने राज्य विद्युत कंपनी के चार कर्मचारियों को किसान को 10 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। किसान की बांस की फसल बिजली विभाग की लापरवाही से जल गई थी। किसान ने खेत में 5000 बांस के पेड़ लगाए थे। बिजली के तारों के टकराने से पेड़ पूरी तरह नष्ट हो गए थे। वन विभाग ने नुकसान का आकलन 10.27 लाख रुपये किया था।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई। नागपुर में उपभोक्ता आयोग ने राज्य के विद्युत कंपनी के चार कर्मचारियों को एक किसान को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। किसान की बांस की फसल बिजली विभाग की लरपरवाही से जलकर खाक हो गई थी।नागपुर के अतिरिक्त जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग ने हाल ही में महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के तीन शीर्ष इंजीनियरों और क्षेत्रीय निदेशक को मुआवजा देने का निर्देश दिया।

## किसान ने खेत में लगाए थे पांच हजार पेड़

शिकायतकर्ता एक किसान ने बताया कि उसने अपने खेत में 5,000 बांस के पेड़ लगाए थे। 22 मार्च 2018 को एमएसईडीसीएल की उच्च ट्रांसमिशन लाइन के दो तारों के आपस में टकराने से पेड़ जलकर पूरी तरह से नष्ट हो गए। उसने इसकी जानकारी तहसीलदार और स्थानीय पुलिस को दी। इसके साथ ही इसकी सूचना बिजली कंपनी को भी दी।



## किसान केवल 4.2 लाख रुपये का दिया गया मुआवजा

इसके बाद एक निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर बिजली कंपनी ने लाइन की मरम्मत की। वन विभाग ने नुकसान का आकलन 10.27 लाख रुपये किया और इसे एमएसईडीसीएल को सौंपा गया। हालांकि, किसान को केवल 4.2 लाख रुपये का ही मुआवजा दिया गया। इसके बाद किसान ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत की। उसने शिकायतकर्ता ने वन विभाग द्वारा निर्धारित किए गए मुआवजे की मांग की।

## अधिकारियों ने की शिकायतकर्ता के दावे को खारिज करने की मांग

एमएसईडीसीएल के अधिकारियों ने अपने लिखित बयान में शिकायतकर्ता के दावे को खारिज करने की मांग की। आयोग ने कहा कि एमएसईडीसीएल ने बिजली की लाइन के रख-रखाव में लापरवाही दिखाई। आयोग ने वन विभाग की रिपोर्ट के आधार पर वार्षिक ब्याज के साथ मुआवजा देने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि तमाम राज्यों में इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। लेकिन किसानों को मुआवजे के नाम पर कुछ हजार देकर पूरे मामले को निपटा दिया जाता है।

# ट्यूशन जा रही किशोरी से बदतमीजी

दो भाइयों के साथ जाते समय रास्ते में रोका, बीयर पिलाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मेरठ, कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के लाला मोहम्मदपुर में दो छोटे भाइयों के साथ ट्यूशन जा रही 14 साल की किशोरी को सरेराह छेड़ा गया। किशोरी के साथ बदतमीजी हुई। उसे जबरन बीयर पिलाई इससे उसकी हालत बिगड़ गई। बच्ची के घरवालों को जब इसकी जानकारी मिली तो उसे लेकर थाने पहुंचे। जहां पीड़ित परिवार की तहरीर पर रविवार रात ही दो नामजद सहित चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। लाला मोहम्मदपुर की एक महिला ने थाने पर केस दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी बेटी दो भाइयों के साथ गांव में ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रही थी। रास्ते में चार आरोपी बीयर पी रहे थे। नशे की हालत में उन लड़कों ने किशोरी को छेड़ा। उसे पकड़ा और बीयर पिला दी। किशोरी के छोटे भाई ये सब देखकर सहम गए। डरकर दोनों भाई बहन को छोड़कर मौके से घर भाग गए। घर जाकर परिजनों को पूरी बात बताई। बेटों के मुंह से ये बात सुनकर परिजन सन्न रह गए। इसके बाद किशोरी के घरवाले तुरंत मौके पर पहुंचे। देखा तो बच्ची बेहोशी की हालत में सड़क पर पड़ी थी। परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल के लिए भेज दिया। वहीं, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि चार में से दो आरोपी नामजद हैं। एक आरोपी को पकड़ा गया है। उसकी उम्र करीब 17 साल है। अन्य आरोपियों की उम्र के बारे में भी जांच की जा रही है।



# सुमनताई गुलबराव शेल्के को जिताकर दिवंगत गुलाबराव शेल्के को श्रद्धांजलि देने की अपील

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , जीएस महानगर कोऑपरेटिव बैंक 50 वर्षों में 3,000 करोड़ का कारोबार करने वाली कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की उम्मीदवार स्वर्गीय श्रीमती सुमन गुलाबराव शेलके का बैंक के चुनावों में अपना हाथ मजबूत करने का आवाहन किया है। विष्णु भगत, अर्जुन राऊत और सुभाष पाटडे ने दिवंगत गुलाबराव शेलके और दिवंगत उदय दादा शेलके को श्रद्धांजलि देने और राजनीति से प्रेरित होकर चुनाव लड़ने वालों को करारा तमाचा मारने की अपील की है। जीएस महानगर कंपनी लिमिटेड, जिसने 50 वर्षों की सफल यात्रा, बैंक की 70 शाखाओं तक विस्तार और 3000 करोड़ रुपये की जमा राशि संग्रह के साथ अपने काम और बैंक के साथ सहकारी क्षेत्र में एक पहचान बनाई है। बैंक के संस्थापक अध्यक्ष और वकील गुलाबराव शेल्के की मृत्यु के बाद बैंक पर नियंत्रण पाने के लिए शुरू हुए सत्ता संघर्ष के कारण बैंक के चुनाव हो रहे हैं। बैंक के गुलाबराव शेलके के बाद अब सक्षम नेतृत्व प्रदान करने वाली श्रीमती सुमन गुलाबराव शेलके का पैनल बैंक के अस्तित्व को बचाने के लिए आगे आया है। चुनाव रविवार, 1 जून को होंगे। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदाताओं से बैंक की विकास यात्रा के समर्थन में मैदान में उतरे श्रीमती सुमन गुलाबराव शेलके के पैनल के 18 उम्मीदवारों के रिक्शा चिन्ह पर मुहर लगाकर उन्हें विजयी बनाने की अपील की है। विष्णु सखाराम भगत, अर्जुन किशोर राउत और सुभाष बालासाहेब पाटडे ने मतदाताओं से अपने रिक्शा चुनाव चिन्ह पर मुहर लगाकर बैंक की विकास यात्रा का समर्थन करने की अपील की है।

# नागरिकों की सुरक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सतर्क : एकनाथ शिंदे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे, राज्य में मानसून के आगमन के मद्देनजर मौसम विभाग ने ठाणे जिले में भारी बारिश की चेतावनी दी है। ठाणे मनपा के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ का दौरा करने के बाद उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके लिए सभी प्रणालियां सतर्क हैं। उन्होंने बारिश से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि शून्य हताहत हमारा लक्ष्य है। इसलिए यह भी निर्देश दिया कि यदि कोई स्थिति उत्पन्न होती है या कोई शिकायत प्राप्त होती है तो एजेंसियों को कम से कम समय में प्रतिक्रिया देकर मदद के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले कुछ वर्षों के अनुभव के आधार पर ठाणे मनपा ने मानसून की स्थिति का अच्छी तरह से सामना किया है। ठाणे मनपा का आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ 24 घंटे कार्यरत है। इसके लिए दो सत्रों में वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। प्रभाग समिति स्तर पर भी प्रक्रियाएं तैयार कर ली गई हैं। यहां जनशक्ति, वाहन और जेसीबी उपलब्ध हैं। रुके हुए पानी की निकासी के लिए 38 स्थानों पर 66 उच्च क्षमता वाले पंप लगाए गए हैं। आज 135 मिमी बारिश हुई। लेकिन पानी जमा होने की कोई शिकायत नहीं मिली है। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने यह भी कहा कि जहां कहीं कुछ था, उसे पंपों की मदद से हटा दिया गया। ठाणे मनपा क्षेत्र में 06 स्थानों पर वर्षामापी यंत्र कार्यरत हैं तथा 06 नालों पर बाढ़ सेंसर कार्यरत हैं। बारिश के मद्देनजर 43 संभावित स्थानों पर कर्मचारियों को तैनात किया गया है। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने यह भी स्पष्ट किया कि 29 कर्मियों वाली टीडीआरएफ टीम भी तैनात की गई है। सी1 श्रेणी की 90 अत्यधिक खतरनाक इमारतों में से 42 खाली हैं। 06 भवनों के निवासियों को स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि 197 परिवारों को स्थानांतरित करने का काम चल रहा है। इस बीच, नागरिकों को अफवाहों पर विश्वास नहीं करने और सरकार से आने वाले संदेशों पर ध्यान देने की सलाह दी गई है। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने भी असुरक्षित स्थानों पर शरण न लेने की अपील की। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे मनपा के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के कामकाज का जायजा लिया। इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के, ठाणे जिलाधिकारी अशोक शिनगारे, अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, मनपा अभियंता प्रशांत सोनागरा, उपायुक्त जी.जी.गोदेपुरे, मनीष जोशी, अनघा कदम आदि उपस्थित थे।

फास्ट ट्रैक

# गंगा एक्सप्रेस-वे से सेफ्टी प्लेट और जैहुक चोरी

## जलालाबाद में तीन चोर गिरफ्तार, कबाड़ी की दुकान से माल बरामद

शाहजहांपुर, जलालाबाद थाना क्षेत्र में पुलिस ने गंगा एक्सप्रेस-वे से सेफ्टी प्लेट और जैहुक चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नगरिया बुजुर्ग जाने वाले रास्ते से पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रभात मिश्रा उर्फ पिन्टू, अंकित कुमार और मनोज गुप्ता के रूप में हुई है। मामला एच जी इंजीनियरिंग इंफ्रा लिमिटेड के कैंप कार्यालय गुलड़िया से जुड़ा है। कंपनी के रूपेश कुमार यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपियों ने एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ लगी 104 सेफ्टी प्लेट और 7 बोरी जैहुक चोरी की थी। पूछताछ में प्रभात मिश्रा ने खुलासा किया कि वह और अंकित कुमार दोस्त हैं। घर का खर्च चलाने के लिए वे निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे से सामान चुराकर मनोज कबाड़ी की दुकान पर बेच देते थे। चोरी के माल से मिले पैसों को आपस में बराबर बांट लेते थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कबाड़ी की दुकान से सभी चोरी का सामान बरामद कर लिया है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।




# सांसद नरेश म्हस्के, विधायक जितेंद्र आव्हाड जिलाधिकारी से मिलकर मानसून की स्थिति की समीक्षा की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,मानसून पूर्व बारिश को लेकर सांसद नरेश म्हस्के और ठाणे जिलाधिकारी अशोक शिंगारे ने ठाणे में मानसून की स्थिति की समीक्षा की। इस बैठक के दौरान विधायक जितेंद्र आव्हाड ने आपातकालीन कक्ष का दौरा कर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी अशोक शिनगारे वर्तमान में ठाणे मनपा आयुक्त के पद का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं। मुंबई-ठाणे क्षेत्र में जारी बारिश के मद्देनजर जिलाधिकारी शिनगारे ने सांसद नरेश म्हस्के के साथ ठाणे मनपा के आपातकालीन प्रबंधन कक्ष का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने मनपा के सभी उपायुक्तों, सभी प्रभाग समितियों के सहायक आयुक्तों और कार्यकारी अभियंताओं के साथ ऑनलाइन बैठक की। आपदा प्रबंधन कक्ष में आयोजित बैठक में अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, मनपा अभियंता प्रशांत सोनागरा, उपायुक्त जी.जी.गोदेपुरे, मनीष जोशी, अनघा कदम, सचिन सांगले, आपदा प्रबंधन अधिकारी यासीन तड़वी आदि उपस्थित थे। इस बैठक के बाद सांसद नरेश म्हस्के और जिला कलेक्टर अशोक शिनगारे ने आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के कार्यों की समीक्षा की। यह पहली बड़ी बारिश है और पहाड़ी क्षेत्रों से बहकर आने वाले नालों में जमा होने वाले तैरते कचरे को तुरंत हटाया जाना चाहिए। साथ ही बैठक में सांसद नरेश म्हस्के ने अधिकारियों को नियमित स्थानों पर जल संचय पर नजर रखने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी को चार मुद्दों पर अधिक ध्यान देना चाहिए: नाली सफाई का कार्य पूरा करना, सी-1 श्रेणी की अत्यधिक खतरनाक इमारतों को खाली कराना, आवश्यक सड़क मरम्मत का कार्य तुरंत कराना तथा खतरनाक वृक्ष शाखाओं की छंटाई के कार्य में तेजी लाना। साथ ही, जिलाधिकारी अशोक शिनगारे ने इस बैठक में प्राकृतिक आपदाओं के मामले में तत्काल प्रतिक्रिया को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन (अहीरा) ने अंबरनाथ तहसील स्तर पर अपनी नवीन कार्यकारिणी घोषित की

- संगठन के गवर्नर अजय कृष्णराव राव चिरीवेल्ला के मार्गदर्शन में पहचान पत्रों का वितरण किया गया।
- उल्हासनगर यूनिट के अध्यक्ष मनीष ठाकुर को अहीरा का महाराष्ट्र प्रभारी नियुक्त किया गया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन अंबरनाथ शहर इकाई की नवीन कार्यकारिणी 2025 की घोषणा रविवार देर शाम एक कार्यक्रम में जाहिर की गई है। अहीरा की राष्ट्रीय इकाई ने इस बार अपने संगठन में फेरबदल करते हुए संगठन के महाराष्ट्र प्रभारी अजय श्रीनिवास राव चिरीवेल्ला की पदोन्नति करते हुए उन्हें महाराष्ट्र प्रभाग का गवर्नर नियुक्त किया है और उल्हासनगर यूनिट के अध्यक्ष मनीष ठाकुर को अहीरा का महाराष्ट्र प्रभारी नियुक्त किया है। रविवार को अहीरा के नवनियुक्त गवर्नर अजय राव चिरीवेल्ला की विशेष उपस्थिति और सजेर्राव राव सावंत और मयूर विसारिया के विशिष्ट आतिथ्य में संगठन ने अंबरनाथ तहसील और महिला कार्यकारी समितियों की घोषणा की और पदाधिकारियों को पहचान पत्र प्रदान किए गए। संगठन में पी.सी.कंप्यूटर्स के प्रमुख प्रदीप कुमावत को ठाणे जिला प्रमुख का पद प्रदान किया गया। बालासुंदरम मुदलियार को अंबरनाथ तालुका प्रमुख तथा वृतांत जिला के प्रधान संपादक शत्रुघ्न उमाप को संगठन में महासचिव का पद प्रदान किया गया। दीपा एडविन को अंबरनाथ शहर पूर्व प्रमुख, नेहा गोसावी को सेक्रेट्री का पद दिया गया तथा डॉ.राधिका मुखर्जी को अंबरनाथ पश्चिम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर नवनियुक्त गवर्नर अजय श्रीनिवास राव चिरिवेल्ला ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक ऐसा संगठन है जो मानवाधिकारों की रक्षा, उसके समर्थन और प्रोत्साहन के लिए कार्य करता है। संगठन का सबसे बड़ा मूल मंत्र मानवीय मूल्यों की रक्षा करते हुए मानवता के विकास के लिए कार्य करना है। मानवाधिकार से पीड़ित और शोषित लोगों की रक्षा करना उन्हें न्याय दिलाना और समाज में सम्मानित जीवन जीने के लिए मार्ग प्रशस्त करना है। संगठन के लिए सबसे बड़ा धर्म मानवता का धर्म है। हम सबका एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए संगठन के उद्देश्यों और लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य करना। उक्त कार्यक्रम में अंबरनाथ तहसील के सचिव शत्रुघ्न उमाप, कार्यालय सचिव राजेंद्र सूर्यवंशी, सहसचिव उस्मान शाह, सागर शिंदे, कार्यवाहक सचिव बिपिन तिवारी, सचिव नेहा गोसावी, यास्मीन शेख, सलाहकार नाजिम शेख, दर्शना चिरीवेल्ला, श्याम परदेशी, ज्योति राव, भानू पाल, श्याम परदेशी, अनीता श्रीयन, वर्षा जाधव, शोभा कदम, मीना अहीरे, किरण जाधव आदि सदस्य उपस्थित थे।

# घर से 11 लाख की चोरी

## पिता बोले-बेटी की शादी के लिए पैसे इकट्ठा किए थे, 4 लाख नगद और गहने ले गए



शाहजहांपुर, जलालाबाद क्षेत्र में स्थित याकूबपुर गांव में चोरी की वारदात सामने आई है। गांव के निवासी तौले अली के घर से चोर 4 लाख रुपए नकद और जेवरात लेकर फरार हो गए। तौले अली ने बताया कि वह अपनी बेटी की शादी की तैयारियां कर रहे थे। रविवार की रात करीब 3 बजे खट की आवाज सुनाई दी। उस समय गर्मी की वजह से पूरा परिवार छत पर सो रहा था। आवाज सुनकर जब वे नीचे जाने लगे तो सीढ़ी का दरवाजा अंदर से बंद मिला। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अलमारी से जेवरात और नकदी चुरा ली। चोरी में करीब 7 तोला सोने के जेवर और 600 ग्राम चांदी के जेवर गए हैं। सोने के जेवरों में हार, झूमर, टीका, झुमकी, झाले, दो जोड़ी पायल, एक नथ और चार चूड़ियां शामिल हैं। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दे दी है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि चोरी की घटना संदिग्ध लग रही है। पुलिस मौके की जांच कर रही है। जांच में चोरी की पुष्टि होने पर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# दिवा खाड़ी में अवैध रेत खनन के खिलाफ प्रशासन ने की कार्रवाई, लगभग 50 लाख रुपये की संपत्ति नष्ट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , राजस्व विभाग के अधिकारियों मुंब्रा खाड़ी क्षेत्र में रेलवे पुल के पास अवैध रेत खनन के खिलाफ कार्रवाई कर करीब 50 लाख रुपए की संपत्ति नष्ट कर दी है। ठाणे उप-विभागीय अधिकारी उर्मिला पाटिल और ठाणे तहसीलदार उमेश पाटिल के मार्गदर्शन में एक टीम ने 25 मई, 2025 को मुंब्रा और कल्याण के बीच रेलवे ट्रैक के पास खाड़ी क्षेत्र में गश्त की। इस गश्त के दौरान पता चला कि दिवा खाड़ी में बार्ज और सक्शन पंप का उपयोग करके अवैध रेत खनन किया जा रहा था। राजस्व विभाग की एक टीम ने तुरंत हस्तक्षेप किया और बार्ज तथा सक्शन पम्प को खाड़ी में डुबोकर नष्ट कर दिया। नष्ट की गई वस्तुओं का अनुमानित मूल्य 50 लाख रुपये है। प्रशासन ने कहा है कि इस कार्रवाई से खाड़ी क्षेत्र में अवैध रेत खनन पर अंकुश लगेगा और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस ऑपरेशन में बालकुम मंडल अधिकारी शशिकांत जगताप और उनके सभी राजस्व अधिकारी भी शामिल हुए।

# कटरा गुलाब सिंह के वार्ड नंबर 8 में पांच बीघे का तालाब गायब

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रतापगढ़ ( युनिस खान ) नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के अंतर्गत वार्ड नंबर 8 के पांच बीघे का तालाब गायब हो गया है। यहां की सभासद निकहत जहां ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि वार्ड नंबर 8 के गोकुला नगर में गाटा संख्या 29 छ पर पांच बीघे का तालाब था धीरे-धीरे भू-माफिया और दंबग किस्म के लोगों ने तालाब पाट कर कब्जा कर लिया और अब उस जमीन पर खेती कर रहे हैं। सभासद निकहत जहां ने कहा है कि इसी विशालकाय तालाब पर कब्जा करने के बाद आसपास के क्षेत्र का जलस्तर बिल्कुल नीचे चला गया और हैंडपंप और समरसिबल जवाब देने लगे हैं। पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। सभासद निकहत जहां ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि इसी तालाब से महज दो सौ मीटर पर नहर है उस नहर से तालाब तक पक्की नाली बनी थी उस नाली के जरिए नहर का पानी तालाब में आता था जिससे सालभर तालाब लबालब रहता था और आसपास का जलस्तर बरकरार रहता था गांव के पशुपालकों के लिए यह तालाब मददगार था पालतू और आवारा मुक्त जानवर अपनी प्यास बुझाते थे इसी तालाब के पानी से आसपास की सैकड़ों बीघे जमीन पर खेती होती थी आज तालाब के गायब होने से सैकड़ों बीघे खेती परती पड़ी है। सभासद निकहत जहां लंबे समय से प्रयासरत हैं कि इस तालाब की खुदाई हो और पहले जैसे इस तालाब को लबालब कर किसानों के खेती के लिए पानी उपलब्ध कराया जाए। निकहत जहां ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर गोकुला नगर में गायब हुए पांच बीघे तालाब की खुदाई कराने की मांग की है। इस विषय पर कटरा गुलाब सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार यादव( मुन्ना ) ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तालाब सार्वजनिक संपत्ति है और जिसका संरक्षण बहुत जरूरी है। मानव समाज के साथ साथ पशु पक्षियों के हित तालाब बचाने के लिए हम सभी को मिलकर आगे आना चाहिए। कटरा गुलाब सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार यादव (मुन्ना) ने कहा कि जिला प्रशासन को इस तरह से तालाब पर कब्जा करने वालों से सख्ती से निपटते हुए तालाब को कब्जा मुक्त कराया जाना चाहिए। जिससे गोकुला नगर की परती पड़ी जमीन पर खेती शुरू हो, घटते जलस्तर को बचाया जा सके।

# जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष

- पति-पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला, पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना जलालाबाद क्षेत्र में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव लालपुर कला में एक परिवार के दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। राजेंद्र और उनकी पत्नी उषा देवी ने आरोप लगाया है कि उनके ही परिवार के बोदे लाल और जोगेंद्र ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। जब राजेंद्र ने अपना हिस्सा मांगा, तो दोनों आरोपियों ने कुल्हाड़ी और लाठियों से हमला कर दिया। हमले में राजेंद्र के सिर में गंभीर चोट आई और वे खून से लथपथ होकर गिर पड़े। उनकी पत्नी उषा की उंगली भी कुल्हाड़ी से घायल हो गई। पीड़ित ने बताया कि शनिवार को उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मेडिकल जांच भी हो चुकी है, लेकिन पुलिस ने अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।

राजेंद्र का कहना है कि उनकी जान और संपत्ति खतरे में है। उन्होंने थाने के सिपाहियों पर विपक्षियों से मिले होने और राजीनामे का दबाव बनाने का आरोप भी लगाया है।

# अधिवक्ताओं का एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

## मारपीट मामले में कार्रवाई न होने से नाराज, ट्रांसफर होने तक कोर्ट का बहिष्कार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, तिलहर में अधिवक्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। अधिवक्ता बार एसोसिएशन के महासचिव राजीव सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एसडीएम रविंद्र कुमार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन का कारण एक अधिवक्ता सत्यवीर सिंह यादव के साथ खाटू श्याम फैमिली रेस्टोरेंट पर हुई मारपीट का मामला है। इस मामले में एक दर्जन आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाही नहीं की गई। एसडीएम ने अधिवक्ताओं को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाही का आश्वासन दिया था। मीरानपुर कटरा पुलिस ने एसडीएम की सहमति से आरोपियों का चालान केवल धारा 151 में कर दिया। इससे नाराज अधिवक्ताओं ने एसडीएम के स्थानांतरण तक उनकी कोर्ट में कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। हालांकि, अन्य कोर्ट में काम पहले की तरह जारी रहेगा। बार एसोसिएशन के महासचिव राजीव सिंह ने स्पष्ट किया कि जब तक एसडीएम का स्थानांतरण नहीं होता, तब तक विरोध जारी रहेगा। उन्होंने एसडीएम पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है।



# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा और फसल कटाई

## जलालाबाद में 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, फसल की वसूली होगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, जलालाबाद तहसील में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बोई गई गेहूं की फसल का मामला सामने आया है। तहसील प्रशासन ने फसल को ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दिया था। प्रशासन ने फसल न काटने की हिदायत दी थी। ग्राम वजीरपुर के कुछ लोगों ने इस आदेश की अवहेलना करते हुए फसल काट ली।

ग्राम प्रधान विमलेश कुमार ने अपने बयान में बताया कि अनोखेलाल, अरविंद, अनिल, अजयवीर और अन्य लोगों ने जबरन फसल काट ली। हल्का लेखपाल मोहम्मद आजम खान की शिकायत पर पांच नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 323 और 329(3) के साथ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 2 और 3 के तहत कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने श्रेणी 6-4 का सीमांकन पुलिस टीम, किसान यूनियन के सदस्य नरेंद्र और ग्रामवासियों की मौजूदगी में किया था। अवैध कब्जाधारकों को जमीन खाली करने की मौखिक हिदायत भी दी गई थी। अब प्रशासन काटी गई फसल की कीमत की वसूली करेगा।

# मेडिकल-कॉलेज में गैस रिसाव की अफवाह से मची थी भगदड़

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में फॉर्मलिन गैस की दुर्गंध से अफरा-तफरी मच गई। मरीजों और तीमारदारों के मुंह, आंख और कान में जलन महसूस होने लगी। इससे अस्पताल में भर्ती करीब 300 मरीजों में भगदड़ मच गई। लोगों ने ऑक्सीजन प्लांट लीक होने की अफवाह फैला दी। मरीज और तीमारदार अपनी जान बचाने के लिए बाहर की तरफ भागने लगे। कुछ मरीजों को गोद में उठाकर ले जाया गया। इस दौरान एक मरीज की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिंधौली के चककंदू निवासी 71 वर्षीय रामनरेश के रूप में हुई। मृतक के तीमारदार ने भगदड़ के दौरान मरीज की मौत का आरोप लगाया। तीमारदार मेडिकल कॉलेज का ही कर्मचारी है। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने मरीज की मौत का कारण टीबी बताया। उन्होंने कहा कि मरीज को 24 मई की शाम साढ़े पांच बजे भर्ती किया गया था। वह 15 दिन से सांस की बीमारी से परेशान था। उसके दोनों फेफड़े खराब हो चुके थे। 25 मई की शाम को उसकी मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने आक्सीजन गैस लीक होने की बात को नकारा है।



भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज तुर्किये राष्ट्रपति से मिले

## भारत के खिलाफ साथ देने के लिए शुक्रिया भी कहा; आर्मी चीफ मुनीर भी साथ गए

एजेंसी

इस्तांबुल, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार देर रात इस्तांबुल में तुर्किये के राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन से मुलाकात की। इस दौरान शहबाज ने भारत के खिलाफ समर्थन देने के लिए तुर्किये का शुक्रिया अदा किया। एर्दोगन ने बताया कि इस्तांबुल-तेहरान-इस्लामाबाद रेलवे लाइन को बेहतर किया जाएगा। साथ ही एजुकेशन सेक्टर में ठोस कदम दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करेंगे। 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्किये-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया। भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। 4 देशों के दौरे पर हैं पाक पीएम शहबाज प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शनिवार से तुर्किये, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान देशों के दौरे पर हैं। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे। शरीफ 29-30 मई को



ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे। तुर्किये के राष्ट्रपति ने कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता की पेशकश की थी तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने 17 मई को कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की। उन्होंने कहा कि वो कश्मीर मुद्दा सुलझाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। एदोर्गान ने कहा ने कहा- भगवान का शुक्र है कि दोनों न्यूक्लियर पावर पड़ोसियों में तनाव कम हो गया। तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए, दोनों पक्षों को मौजूदा मुद्दों से निपटने में संयम दिखाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर दोनों देश अनुरोध करते हैं तो वो कश्मीर मामल में रोल निभाएंगे। हम शांति चाहते हैं; हम दो पड़ोसियों के बीच कोई तनाव नहीं चाहते। भारत-पाक तनाव में तुर्किये ने पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्किये-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया। भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोगन ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से फोन पर कहा-मैं हमलों में जान गंवाने वाले अपने भाइयों के लिए अल्लाह से रहम की दुआ करता हूं और पाकिस्तान के भाईचारे वाले लोगों और देश के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की सिफारिश का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया। इसके बाद देशभर में बॉयकॉट तुर्किये और बॉयकॉट अजरबैजान शुरू हो गया है। बीते 5 साल में दोनों देशों के बीच व्यापार में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला है। अप्रैल 2024 से लेकर फरवरी 2025 के बीच भारत ने तुर्किये को 5.2 अरब डॉलर (44,500 करोड़) का सामान बेचा।

2023-24 में यह आंकड़ा 6.65 अरब डॉलर (56,873 करोड़ रुपए) था। इस दौरान भारत ने तुर्किये से 2.84 अरब डॉलर (करीब 24,320 करोड़) का सामान खरीदा। दोनों देशों के बाइलेट्रल ट्रेड में भारत हमेशा ट्रेड सरप्लस रहा है। यानी हमने तुर्किये से सामान खरीदने के मुकाबले बेचा ज्यादा है। भारत मुख्य रूप से मिनरल फ्यूल्स, ऑटो पार्ट्स, मशीनरी, फार्मास्यूटिकल्स और कपास का निर्यात करता है।

# इजराइल का गाजा के स्कूल पर हमला, 30 की मौत

## शरणार्थी कैंप बनाया गया था; स्पेन ने इजराइल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

एजेंसी

तेल अवीव, इजराइल ने रविवार देर रात गाजा में कई जगहों पर हमले किए। इन हमलों में एक स्कूल को भी निशाना बनाया, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई है। स्कूल में आग लगने से लोग जिंदा जल गए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह एक किंडरगार्टन स्कूल था, जिसे शरणार्थी शिविर के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। मरने वालों में रेड क्रॉस के दो कार्यकर्ता, एक पत्रकार और कई बच्चे शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल के हमले में सोमवार को गाजा में अब तक 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। दूसरी तरफ स्पेन ने दुनिया



भर के देशों से इजराइल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। गाजा पर 23 मई को हुए इजराइली हमले में खान यूनिस की एक महिला डॉक्टर अल-नज्जर के 9 बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल है। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक मृत बच्चों की उम्र 7 महीने से 12 साल तक थी। डॉक्टर के पति को भी इस हमले में गंभीर चोटें आई है। इजराइली सेना के मुताबिक गाजा में बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया गया। इसके तहत 14 से 20 मई तक 670 से ज्यादा हमास ठिकानों पर हमला किया गया, जिसमें गाजा के 512 लोग मारे गए थे। इजराइल ने गाजा पट्टी के 77% हिस्से पर कंट्रोल हासिल कर लिया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह दावा गाजा के सरकारी मीडिया ऑफिस ने रविवार को किया। उन्होंने इजराइल पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। बयान में कहा गया है कि इजराइली सेना ने बफर जोन, सुरक्षा कॉरिडोर और भारी गोलाबारी के जरिए गाजा के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों को अपने कब्जे में लिया है। मीडिया ऑफिस ने कहा कि इजराइल ने नेत्जारिम कॉरिडोर के जरिए गाजा को दो हिस्सों में बांट दिया है, जिससे फिलिस्तीनी नागरिकों की आवाजाही लगभग नामुमकिन हो गई है। कार्यालय का कहना है कि इजराइल ने राफा और गाजा सिटी जैसे घनी आबादी वाले इलाकों को नो-गो जोन घोषित कर दिया है, जिससे लाखों लोग विस्थापित हो गए हैं। नेत्जारिम कॉरिडोर गाजा को दो भागों में बांटता है। इस साल की शुरूआत में इजराइल-हमास के बीच जब सीजफायर को लेकर डील हुई थी तब इजराइल ने नेत्जारिम कॉरिडोर छोड़ दिया था, लेकिन कुछ ही समय बाद इजराइल ने जंग फिर से शुरू कर दी और फिर से इस कॉरिडोर को अपने कब्जे में ले लिया।

# ट्रम्प बोले- पुतिन पूरी तरह पागल हो गए

## यूक्रेन पर हवाई हमले के बाद कहा– मैं उनसे खुश नहीं, बेवजह लोगों की जान ले रहे

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पुतिन पूरी तरह पागल हो गए हैं। ट्रम्प ने यह बयान अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दिया। ट्रम्प ने कहा कि पुतिन बेवजह यूक्रेन के शहरों पर मिसाइल और ड्रोन दागे जा रहे हैं। इसमें बहुत से लोग मारे जा रहे हैं। ट्रम्प ने लिखा, मैंने हमेशा कहा है कि वह यूक्रेन का सिर्फ एक टुकड़ा नहीं, बल्कि पूरा यूक्रेन चाहते हैं और शायद यह सही साबित हो रहा है, लेकिन अगर वह ऐसा करते हैं, तो इससे रूस का पतन हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूस पर और प्रतिबंध लगाने की धमकी दी। ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, जेलेंस्की जिस तरह से बात करते हैं, उससे वह अपने देश का भला नहीं कर रहे। उनके मुंह से निकलने वाली हर बात परेशानियां पैदा करती हैं, मुझे यह पसंद नहीं है और बेहतर होगा कि इसे रोक दिया जाए। ट्रम्प का यह बयान यूक्रेन पर 3 साल में रूस के सबसे बड़े हवाई हमले के बाद आया है। यूक्रेनी एयरफोर्स के मुताबिक, शनिवार रात रूस ने कीव पर 9 बैलिस्टिक मिसाइलों, 60 क्रूज मिसाइलों और 298 ड्रोन से हमला किया था। रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का हेलिकॉप्टर गिराने की कोशिश की। रूसी वायु सेना के मेजर जनरल यूरी डैशकिन के मुताबिक पुतिन 20 मई को कुर्स्क के दौरे पर गए थे। डैशकिन





ने बताया कि इस दौरान यूक्रेनी एयरफोर्स ने पुतिन के हेलिकॉप्टर पर 46 ड्रोन से हमला किया, लेकिन हमने सभी ड्रोन मार गिराए। डैशकिन ने कहा- हमने एक साथ कई ड्रोन का मुकाबला किया और राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर की सुरक्षा सुनिश्चित की। कुर्स्क वही जगह है जहां पिछले साल अगस्त में यूक्रेन की सेना ने अचानक हमला किया था और 1100 वर्ग किमी इलाके पर कब्जा कर लिया था। यह हमला इसलिए बहुत खास था, क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार किसी विदेशी सेना ने रूस की जमीन पर हमला किया था। पुतिन ने इस इलाके का दौरा करते हुए कहा था कि अब इस जमीन पर फिर से रूस का कब्जा हो गया है। उन्होंने यहां पर बारूदी सुरंगें हटाने के लिए और सैनिक भेजने का आदेश भी दिया था, ताकि लोग अपने घर वापस लौट सकें। हालांकि यूक्रेन का कहना है कि उसकी सेना अब भी उस इलाके में डटी हुई है और लड़ाई जारी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि उनकी सेना कुर्स्क और बेलगोरोड जैसे इलाकों में रूस के खिलाफ अभियान चला रही है। रूस और यूक्रेन ने 24 मई को एक-दूसरे के 307-307 कैदियों की अदला-बदली की। यह तीन साल से जारी जंग में सबसे बड़ी कैदी अदला-बदली का हिस्सा है। शनिवार को हुई अदला-बदली की जानकारी रूस के रक्षा मंत्रालय और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर दी।

जेलेंस्की ने लिखा- कल और रिहाई होने की उम्मीद है, हमारा लक्ष्य हर एक यूक्रेनी को रूस की कैद से वापस लाना है। इससे पहले 23 मई को दोनों देशों ने 390-390 कैदियों को रिहा किया था। तीन दिनों में दोनों पक्षों से 1-1 हजार कैदियों को रिहा किया जाना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि यह अदला-बदली मॉस्को और कीव के बीच शांति समझौते की कोशिशों में नया चरण शुरू कर सकती है।

# सऊदी अरब शराब से बैन हटाएगा

## 600 टूरिस्ट प्लेस पर खुलेंगी दुकानें, वर्ल्ड एक्सपो और फुटबॉल वर्ल्डकप के चलते तैयारी

एजेंसी

रियाद, कट्टर इस्लामी नियमों को लेकर मशहूर सऊदी अरब अब शराब पर बैन हटाने की तैयारी में जुट गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी सरकार देश में 600 टूरिस्ट प्लेस पर शराब की बिक्री शुरू करने की योजना बना रही है। मेट्रो न्यूज के मुताबिक शराब की अनुमति देने वाले नए लाइसेंसिंग कानून 2026 में लागू होंगे। ऐसा 2030 में वर्ल्ड एक्सपो और 2034 में शुरू होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए



किया जा रहा है। सऊदी अरब में क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) के हाथों में सत्ता आने के बाद से कई बड़े बदलाव हो चुके हैं। उन्होंने महिलाओं को गाड़ी चलाने की इजाजत दी, सिनेमाघर फिर से खोले और संगीत समारोहों की भी मंजूरी दी। अब शराब को भी सीमित तौर पर मान्यता देने की तैयारी हो रही है। यह शराब सिर्फ कुछ लाइसेंस प्राप्त जगहों जैसे 5-स्टार होटल, लग्जरी रिसॉर्ट और खास विदेशी इलाकों में ही मिलेगी। यहां सिर्फ बीयर, वाइन जैसे हल्के अल्कोहल वाले पेय ही मिलेंगे। 20% से ज्यादा अल्कोहल वाले पेय अभी भी बैन रहेंगे। सरकार का मानना है कि इससे टूरिज्म बढ़ेगा और सऊदी अरब, दुबई और बहरीन जैसे देशों से मुकाबला कर पाएगा, जहां पर्यटकों को शराब पीने की छूट दी जाती है। 1932 में सऊदी बनने के बाद से ही शराब इस्लामी कानून के मुताबिक प्रतिबंधित थी, लेकिन 1952 में इसे लेकर बेहद सख्त नियम बनाए गए। अब 73 साल बाद इसमें ढील दी जा रही है। हालांकि सऊदी में आम लोगों के घरों, दुकानों और सार्वजनिक जगहों पर शराब पीना या रखना अभी भी मना रहेगा। यह छूट सिर्फ विदेशी पर्यटकों और कुछ खास जगहों तक ही सीमित रहेगी। 2024 में रियाद के डिप्लोमैटिक इलाके में शराब की पहली दुकान खोली गई थी।

# पाकिस्तान हमलावर है, पीड़ित नहीं...

## बहरीन में असदुद्दीन ओवैसी की दो टूक



**ओवैसी ने कहा कि हमने उनसे (बहरीन सरकार से) कहा कि भारत को अस्थिर करने के लिए किए जा रहे प्रयास सही नहीं हैं। यह न तो दक्षिण एशिया के लिए अच्छा है, न ही इस क्षेत्र के लिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के विभिन्न हिस्सों से कई लोग यहां रहते हैं, इसलिए वे सभी इस बात पर सहमत थे कि भारत के लोगों ने यहां बहुत बड़ा योगदान दिया है।**

एजेंसी

आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता की नीति को दिखाने के लिए प्रमुख राजधानियों में जाने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर तीखा हमला किया और उसे पीड़ित नहीं बल्कि हमलावर बताया। ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान एक हमलावर है, पीड़ित नहीं...आज की बैठक में हमने भारत का पक्ष रखा। हमने उन्हें बताया कि कई सालों से पाकिस्तान द्वारा सहायता प्राप्त और प्रशिक्षित आतंकवादी भारत में आतंकी हमले कर रहे हैं और कई लोगों की जान जा चुकी है। हमने उन्हें सभी आंकड़े दिए। चाहे वह मुंबई विस्फोट हो, ट्रेन विस्फोट हो, जम्मू-कश्मीर विधानसभा के सामने आत्मघाती हमला हो, पुलवामा हो, पठानकोट हमला हो। ओवैसी ने कहा कि हमने उनसे (बहरीन सरकार से) कहा कि भारत को अस्थिर करने के लिए किए जा रहे प्रयास सही नहीं हैं। यह न तो दक्षिण एशिया के लिए अच्छा है, न ही इस क्षेत्र के लिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के विभिन्न हिस्सों से कई लोग यहां रहते हैं, इसलिए वे सभी इस बात पर सहमत थे कि भारत के लोगों ने यहां बहुत बड़ा योगदान दिया है। हमने भी अपनी बात रखी। इस बीच, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि बहरीन निश्चित रूप से दो स्थानों पर हमारा समर्थन करेगा - ओआईसी (इस्लामिक देशों का संगठन) में - जहां बहरीन पाकिस्तान और तुर्की के साथ नहीं है... और एफएटीएफ में भी। हमारी ये दो अपेक्षाएं हैं, और हमें विश्वास है कि बहरीन हमारा समर्थन करेगा। ओवैसी भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, भाजपा सांसद फंगनन कोन्याक, भाजपा सांसद रेखा शर्मा, भाजपा सांसद सतनाम सिंह संधू, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद और पूर्व भारतीय राजनयिक हर्ष श्रृंगला शामिल हैं। इससे पहले आज, प्रतिनिधिमंडल ने प्रतिनिधि परिषद के प्रथम उपसभापति अब्दुल नबी सलमान से मुलाकात की, जो आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ भारत के एकजुट और दृढ़ रुख को दशार्ने के लिए डिजाइन किए गए उनके कूटनीतिक आउटरीच का हिस्सा था।

# माताओं–बहनों के माथे का सिंदूर सस्ता नहीं

## अमित शाह बोले- ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया कि भारत सशस्त्र बलों, लोगों और सीमाओं पर समझौता नहीं करेगा

**शाह ने घोषणा की ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को एक स्पष्ट संदेश दिया है। जो कोई भी भारतीय सेना, उसके लोगों या उसकी सीमाओं को धमकाता है, उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के जवाब में भारत द्वारा किए गए जवाबी उपायों की एक श्रृंखला का विवरण दिया, विशेष रूप से उन महत्वपूर्ण अभियानों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने हाल के वर्षों में देश की रक्षा रणनीति को नया रूप दिया है**



एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक सार्वजनिक रैली में एक शक्तिशाली भाषण दिया, जहाँ उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति देश के दृढ़ दृष्टिकोण को रेखांकित किया, विशेष रूप से हाल की आतंकवादी गतिविधियों के जवाब में। शाह के भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की साहसिक सैन्य कार्रवाइयों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि सशस्त्र बलों, नागरिकों और सीमाओं के मामले में कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। शाह ने घोषणा की ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को एक स्पष्ट संदेश दिया है। जो कोई भी भारतीय सेना, उसके लोगों या उसकी सीमाओं को धमकाता है, उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के जवाब में भारत द्वारा किए गए जवाबी उपायों की एक श्रृंखला का विवरण दिया, विशेष रूप से उन महत्वपूर्ण अभियानों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने हाल के वर्षों में देश की रक्षा रणनीति को नया रूप दिया है। अमित शाह ने भारत में आतंकी हमलों के कुछ सबसे उल्लेखनीय जवाबों को याद किया। उन्होंने कहा, ₹उन्होंने उरी में हम पर हमला किया और हमने सर्जिकल स्ट्राइक से जवाब दिया। उन्होंने पुलवामा में हम पर हमला किया और हमने हवाई हमला किया। और फिर, जब आतंकवादियों ने पहलगाम को निशाना बनाया, तो हमने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसने उनके आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। उन्होंने मोदी सरकार के तहत भारत की रक्षा नीति में बदलाव को रेखांकित किया। शाह ने जम्मू-कश्मीर में निर्दोष नागरिकों पर हाल ही में हुए जघन्य हमले का भी उल्लेख किया, जिसे कथित तौर पर पाकिस्तान का समर्थन प्राप्त था, जहां आतंकवादियों ने लोगों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मार डाला। शाह ने दोहराया, ₹प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि चाहे वे कहीं भी छिपे हों, हम उन्हें ढूंढ़ लेंगे और खत्म कर देंगे। गृह मंत्री ने आगे कहा कि पिछली सरकारों के तहत, आतंकी हमलों का अक्सर कोई जवाब नहीं दिया जाता था या उन्हें कमजोर प्रतिक्रिया मिलती थी।

# भारत में कोविड-19 के 1009 सक्रिय मामले, केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली में बढ़ा खतरा

**अंडमान और निकोबार, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर जैसे कुछ राज्यों में फिलहाल कोई सक्रिय मामला दर्ज नहीं किया गया है। कई शहरों में कोविड-19 के नए मामलों में स्पष्ट वृद्धि के बीच, देश में दो नए वेरिएंट - मामले सामने आए हैं।**



एजेंसी

भारत में पिछले एक सप्ताह में कोविड-19 के 752 नए मामले सामने आए हैं, जिसके साथ ही देश में कुल मामलों की संख्या 1,000 से अधिक हो गई है। केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली ऐसे राज्य हैं, जहां पिछले एक सप्ताह में सबसे अधिक नए संक्रमण के मामले सामने आए हैं। भारत के कोविड-19 अपडेट के अनुसार कुल 1009 सक्रिय मामले हैं, जिनमें से 752 मामले हाल ही में पुष्टि किए गए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 430 सक्रिय मामले हैं, उसके बाद महाराष्ट्र में 209, दिल्ली में 104 और कर्नाटक में 47 सक्रिय मामले हैं। अंडमान और निकोबार, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर जैसे कुछ राज्यों में फिलहाल कोई सक्रिय मामला दर्ज नहीं किया गया है। कई शहरों में कोविड-19 के नए मामलों में स्पष्ट वृद्धि के बीच, देश में दो नए वेरिएंट के मामले सामने आए हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार की एजेंसी इंडियन जीनोमिक्स कंसोर्टियम के ताजा आंकड़ों से मिली है।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने शनिवार को राष्ट्रीय स्थिति की समीक्षा की। मंत्रालय ने कहा, मुख्य रूप से केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक से मामले सामने आए हैं।

# 140 करोड़ जनता का हर तबका परेशान, ऐसा रहा कमल का निशान

## मोदी सरकार के 11 साल, खड़गे ने कसा तंज

**एक्स पर बात करते हुए, खड़गे ने मौजूदा शासन के बारे में कई चिंताओं को उजागर किया, जिसमें बढ़ती बेरोजगारी, अधूरे नौकरी और आय के वादे, हाशिए पर पड़े समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियाँ, बढ़ती मुद्रास्फीति और असमानता, मेक इन इंडिया जैसी पहलों में रुकावटें, तनावपूर्ण विदेशी संबंध और लोकतांत्रिक संस्थानों का कमजोर होना शामिल है।**

एजेंसी

केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार द्वारा अच्छे दिन के अपने वादे को पूरा करने में किए गए प्रदर्शन का आलोचनात्मक मूल्यांकन किया। एक्स पर बात करते हुए, खड़गे ने मौजूदा शासन के बारे में कई चिंताओं को उजागर किया, जिसमें बढ़ती बेरोजगारी, अधूरे नौकरी और आय के वादे, हाशिए पर पड़े समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियाँ, बढ़ती मुद्रास्फीति और असमानता, मेक इन इंडिया जैसी पहलों में रुकावटें,





तनावपूर्ण विदेशी संबंध और लोकतांत्रिक संस्थानों का कमजोर होना शामिल है। खड़गे ने एक्स पर लिखा कि 26 मई 2014, 11 सालों में बड़े-बड़े वादों को खोखले दावों में बदलकर मोदी सरकार ने देश की ऐसी दुर्दशा की, कि अच्छे दिन की बात अब एक डरावने सपने की तरह साबित हुए। युवा – सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा, असलियत में करोड़ों की गायब। किसान – न आय हुई दोगुनी, ऊपर से खाने पड़ी रबर बुलेट। महिला – आरक्षण पर शर्तें लागू, सुरक्षा तार-तार। कमजोर वर्ग – पर भयावह अत्याचार, हिस्सेदारी खत्म। अर्थव्यवस्था – महँगाई की पराकाष्ठा, बेरोजगारी की बाढ़ और असमानता चरम पर उन्होंने आगे लिखा कि विदेश नीति – वादा था विश्वगुरु बनने का, बिगाड़े हर देश से सम्बन्ध। लोकतंत्र – हर स्तंभ पर फरर का हमला, एऊ/उइक का दुरुपयोग, संस्थानों की स्वायत्तता दी उजाड़। 140 करोड़ जनता का हर तबका परेशान, 11 सालों में ऐसा रहा कमल का निशान ! ! केंद्र में भाजपा का निर्बाध अभियान 2014 में शुरू हुआ, जब भगवा पार्टी ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। इसने 2019 और 2024 के आम चुनावों में सत्ता बरकरार रखी, जिससे लगातार तीन कार्यकाल पूरे हुए। 2014 में अपनी पार्टी की जीत के बाद पीएम मोदी ने कहा था, भारत जीत गया है ! भारत विजयी है। अच्छे दिन आने वाले हैं।

## संक्षेप

### नहर से मिला 25 वर्षीय महिला का शव

**पहचान के लिए आसपास के गांवों से संपर्क कर रही पुलिस, पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

सुल्तानपुर, जिले के अखंड नगर थाना क्षेत्र में एक संदिग्ध मामला सामने आया है। मीरपुर प्रतापपुर से कलान गांव की नहर में 26 मई 2025 को एक अज्ञात विवाहिता का शव मिला। मृतका की उम्र लगभग 25 वर्ष आंकी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी बेलवाई इंचार्ज विनोद पटेल और थाना इंचार्ज रामराज मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका की पहचान के लिए आसपास के गांवों के लोगों से संपर्क किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ कादीपुर विनय गौतम भी मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### घर के सामने लटका मिला शव

**आम के पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी**

सुलतानपुर, धनपतगंज के थाना क्षेत्र खारा में सोमवार की भोर को एक दुखद घटना सामने आई। उपधाने का पुरवा निवासी शक्तिधर उपाध्याय (40) का शव उनके घर के दरवाजे के सामने स्थित आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। जब सुबह चिंतामणि उपाध्याय का परिवार जागा, तो उन्होंने अपने बेटे शक्तिधर का शव देखा। परिवार ने तुरंत थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी प्रवीण यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस घटना के हर पहलू की जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया।

### सीआरपीएफ जवान के घर पर हमला

**क्रिकेट मैच में बच्चों के झगड़े से बिगड़ा माहौल, तोड़फोड़ और पत्थरबाजी**

अमरोहा, अमरोहा के गजरौला थाना क्षेत्र के गांव कटाई में क्रिकेट खेल रहे बच्चों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामला तब और बिगड़ गया जब दोनों पक्षों के परिजन आमने-सामने आ गए। घटना में जहीर पक्ष के लोगों ने छुट्टी पर घर आए सीआरपीएफ जवान जावेद के घर पर हमला कर दिया। आक्रोशित लोगों ने घर में तोड़फोड़ की और पत्थरबाजी की। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। जावेद ने बताया कि उनके बेटे की पिटाई की गई। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। जावेद के परिवार ने लोहे के गेट में खुद को बंद करके किसी तरह अपनी जान बचाई। पीड़ित ने थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। दोनों पक्ष मुस्लिम समुदाय से हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मरीज की मौत पर हाईवे जाम करने वालों पर कार्रवाई

**प्रयागराज में 5 नामजद समेत 155 लोगों पर केस, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, नारीबारी में एक मरीज की मौत के बाद हाईवे जाम करने के मामले में पुलिस ने 155 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। इनमें 5 लोगों को नामजद किया गया है। शेष 150 अज्ञात आरोपियों की पहचान सीसीटीवी फुटेज से की जा रही है। घटना प्रयागराज-चित्रकूट हाईवे की है।



एसआई आदित्य की रिपोर्ट के अनुसार, कोरांव के चिरांव गांव निवासी चंद्रिका प्रसाद प्रजापति को पथरी के इलाज के लिए मां शारदा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 16 मई को उनका ऑपरेशन हुआ। 20 मई को तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एसआरएन अस्पताल रेफर किया गया। 23 मई को उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने शव को प्रयागराज-रीवा राजमार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों से विवाद किया और मारपीट की धमकी भी दी। पुलिस ने जाम में शामिल राम प्रसाद प्रजापति, बृजेश कुमार, अनिल प्रजापति, अमरनाथ और कल्लू को नामजद किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संगम नगरी में वट सावित्री व्रत

**पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने की पूजा, सावित्री-सत्यवान की कथा सुनीं**

प्रयागराज, वट सावित्री व्रत का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। सुहागन महिलाओं ने तड़के से ही संगम में स्नान किया। इसके बाद पारंपरिक वस्त्र पहनकर बरगद की पूजा की। महिलाएं लाल या पीले वस्त्र पहनकर और मांग में सिंदूर लगाकर व्रत रखती हैं। वे सजा हुआ थाल लेकर वट वृक्ष के पास जाती हैं। पेड़ की परिक्रमा कर कच्चे सूत से उसे लपेटती हैं। जल, फल, मिठाई और धूप-दीप से पूजा करती हैं।

पूजा के दौरान सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी जाती है। प्रयागराज के संगम तट, झूंसी, दारागंज और तेलियरगंज के मंदिरों में बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र हुईं। कई स्थानों पर सामूहिक कथा वाचन और पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर निगम और धार्मिक संगठनों ने पेड़ों के नीचे सफाई, टेंट और पेयजल की व्यवस्था की।

# दुल्हन के तुतलाने पर लड़के ने शादी से किया इंकार

**विदाई के दौरान रोने पर पता चला, कौशांबी से प्रयागराज आई थी बारात**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, तुतलाकर बोलने के कारण एक लड़की की शादी टूट गई। लड़की वालों ने लड़के पक्ष को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे लड़की को विदा कराने को लेकर राजी नहीं हुए। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस हुई। मारपीट की नौबत आने पर लोगों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर आई। लेकिन उनमें समझौता नहीं हो पाया। बारात बिना लड़की को विदा कराए वापस लौट गई। घटना रविवार को गंगापार इलाके के मऊआइमा की है। दरअसल इलाके की एक युवती की शादी कौशांबी के रहने वाले युवक से हुई थी। कौशांबी से बारात आई थी। बारातियों की अच्छे से खातिरदारी हुई।



जयमाल हुआ, वर-वधू ने फेरे लिए। रिश्तेदारों ने बधाई दी। सब खुश थे। दुल्हन के ससुराल वाले लड़की से मिले। बातचीत करने पर उन्हें लड़की की आवाज को लेकर शक हुआ। उसके बाद वे अपने कमरे में चले गए। जब विदाई का टाइम आया तो लड़की रोते रोते तुतलाकर बोलने लगी। उसकी आवाज सुनते ही लड़का नाराज हो गया। उसने लड़की को साथ ले जाने से मना कर दिया। उसने कहा कि उसके साथ धोखा हुआ है।

# युवक ने की आत्महत्या

**पेड़ से लटका मिला शव, एक दिन पहले ससुराल से लौटा था**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, भौसिहपुर ग्राम पंचायत में सोमवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां एक बाग में 25 वर्षीय युवक संजीत गुप्ता का शव महुआ के पेड़ से लटकता मिला। मृतक मल्लूपुर, संग्रामपुर का रहने वाला था। घटना की जानकारी वनविभाग के दैनिक श्रमिकों ने दी। वे वृक्षारोपण के लिए खुदाई किए गए गड्ढों में जिप्सम डालने गए थे। संग्रामपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि संजीत शनिवार को सांगीपुर थाना क्षेत्र के अठेहा में अपनी पत्नी से मिलने गया था। वह रविवार शाम करीब 8 बजे घर लौटा था। बाइक लेकर घर से निकला। इसके बाद उसका फोन नहीं लगा। संजीत प्रतापगढ़ में ठेकेदारी प्रथा से दैनिक मजदूरी करता था। परिवार में



उसकी मां उर्मिला देवी और बहन और एक छोटा भाई हैं। बड़ा बेटा होने के नाते परिवार की जिम्मेदारी संजीत पर थी। पिता ई-रिक्शा चलाकर परिवार का खर्च चलाने में मदद करते थे। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह के अनुसार आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हत्या के आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**राकेश विश्वकर्मा हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार, दोनों के पैर में लगी गोली**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, एक महत्वपूर्ण पुलिस कार्रवाई में राकेश विश्वकर्मा हत्याकांड के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अजय निषाद और दिवाकर यादव उर्फ फोटु यादव को पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया है। घटना बीती देर रात की है। पुलिस को सूचना मिली कि राकेश विश्वकर्मा हत्याकांड के आरोपी नोनरा बाजार की तरफ जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी। घायल आरोपियों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। यह मामला 3 अप्रैल को कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुड़ीलाडीह में हुई राकेश विश्वकर्मा की हत्या से जुड़ा है। राकेश को उनके घर से कुछ दूर गोली मारी गई थी। उनके दाहिने सीने और बाएं हाथ में गोली लगी थी। राजकीय



मेडिकल कॉलेज में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने इस मामले में फरार आधा दर्जन अपराधियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया था। इनमें सागर यादव, मोनू यादव, नीरज यादव, अंकित यादव, अजय निषाद और संजय सिंह शामिल हैं। पुलिस ने पहले ही बदमाशों को संरक्षण देने वाले 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# बरगदाही अमावस्या पर महिलाओं की भीड़

**पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने की बरगद पूजा, परिक्रमा और कथा वाचन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, बरगदाही अमावस्या के अवसर पर क्षेत्र की सैकड़ों सुहागिन महिलाएं बरगद की पूजा के लिए एकत्र हुईं। महिलाएं सुबह से ही पारंपरिक साड़ी पहनकर और पूजा की थाली सजाकर वटवृक्ष के नीचे पहुंचीं। सुहागिनों ने अपने परिवार की खुशहाली और सौभाग्य के लिए व्रत रखा। उन्होंने वटवृक्ष की परिक्रमा की और कच्चा सूत बांधा। मिट्टी के दीये जलाए और कथा वाचन किया। वृक्ष देवता से अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन और पारंपरिक लोक गीतों की प्रस्तुति हुई।



कई स्थानों पर सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया। इस पूजा में नवविवाहिताएं भी शामिल रहीं। स्थानीय बुजुर्ग महिलाओं के मुताबिक, बरगदाही अमावस्या पर बरगद की पूजा से पति की आयु बढ़ती है। घर में सुख-शांति बनी रहती है। यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। पूरे आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। महिलाओं की आस्था और एकजुटता से वातावरण उत्सवमय बन गया।

# शिक्षा विभाग का कार्यक्रम

**प्रभारी मंत्री ने बांटे टैबलेट, 5 स्कूल बेहतर समर कैंप के लिए सम्मानित**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर पर बेसिक शिक्षा विभाग का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के वार्डन को टैबलेट वितरित किए। जिले के पांच विद्यालयों को बेहतर समर कैंप आयोजन के लिए सम्मानित किया गया और उन्हें भी टैबलेट प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त पांच स्मार्ट क्लास और पांच निपुण विद्यालयों को भी सम्मान दिया गया। पूरे उत्तर प्रदेश में कार्यक्रम सतीश चंद्र शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से पूरे उत्तर प्रदेश में



बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अमेठी में कस्तूरबा विद्यालयों के उच्चीकरण समेत विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं और जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने बेसिक शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर उसका उद्घाटन किया।

# युवकों से मारपीट करने वाले 3 गिरफ्तार

**अलीगढ़ में गोमांस के शक में भीड़ ने 4 युवकों पर हमला किया, अन्य आरोपियों की तलाश जारी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, हरदुआगंज थाना क्षेत्र में पनेठी रोड पर गो-कशी के संदेह में चार युवकों के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने भीड़ के साथ चारों युवकों की बुरी तरह से पिटाई की थी और उन्हें लहुलुहान कर दिया था। आरोपी पुलिस के सामने भी युवकों को पीट रहे थे। घटना के समय पुलिस ने चारों घायलों को भीड़ से सुरक्षित किया था और फिर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। इसके बाद पिता की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार रात को पुलिस ने 3 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हरदुआगंज थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह टाटा मैक्स



गाड़ी से 4 युवक अरबाज, अकील, कदीम और दिलावर गोश्त लेकर अतरौली बाजार की ओर जा रहे थे। रास्ते में हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने गो-मांस का संदेह होने पर उन्हें रोक लिया। आरोप है कि लोगों ने चारों के साथ बिना बातचीत किए मारपीट शुरू कर दी। गुस्साई भीड़ ने मैक्स गाड़ी पलट दी थी और उसमें आग लगा दी थी। इसके साथ ही गोश्त लेकर जा रहे चारों युवकों के कपड़े फाड़कर उनकी बेरहमी से पिटाई की थी। चारों को लहुलूहान कर दिया था। पुलिस के सामने भी आरोपी उन्हें पीटते रहे थे और अधमरा कर दिया था। पहुंची पुलिस ने उन्हें बचाया था और अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह भोलू, राम कुमार आर्या, चेतन लोधी, शिवम हिंदू, रविंद्र उर्फ बंटी, लवकुश, अनुज, भूरा, विजय, ग्रिरीश कुमार, अंकित महमूदपुर, राना अहलादपुर, विजय कुमार गुप्ता और 20-25 अज्ञात को नामजद किया है। वहीं पुलिस ने विजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व. ओमप्रकाश गुप्ता निवासी गांव कलाई, विजय बजरंगी पुत्र अमर सिंह निवासी गांव कलाई और लवकुश पुत्र मुकेश शर्मा निवासी गांव निधौला को बरौठा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया है। यह सभी हरदुआगंज थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। सीओ सर्जना सिंह ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अन्य नामजदों की तलाश जारी है। इसके साथ ही मारपीट करने वाले अज्ञात लोगों को भी चिन्हित किया जा रहा है।

# न्याय न मिलने पर थाने के बाहर महिला का हंगामा

**अमरोहा में हाईवे पर लेटकर रोई, बेहोश होने पर राहगीरों ने उठाया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमरोहा, गजरौला थाने में एक महिला न्याय की मांग को लेकर पहुंची। थाने में सुनवाई न होने से नाराज महिला हरिद्वार-बदायूं स्टेट हाईवे पर लेट गई। वह रोने और चिल्लाने लगी। महिला का नगर के एक व्यक्ति से विवाद चल रहा है। इसी विवाद के समाधान के लिए वह थाने गई थी। थाना प्रभारी के कार्यालय में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही थी। बातचीत के दौरान महिला बाहर निकली और सड़क पर लेट गई। महिला ने गाड़ियों



के सामने आकर जान देने की कोशिश की। इससे हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। कई वाहन रुक गए। आधे घंटे तक चले इस हंगामे के दौरान लोग तमाशा देखते रहे और वीडियो बनाते रहे। महिला की दोनों बच्चियां मदद की गुहार लगाती रहीं। कुछ देर बाद महिला बेहोश हो गई। राहगीरों ने उसे उठाकर फुटपाथ पर लिटा दिया। घटना के दौरान हरिद्वार-बदायूं स्टेट हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई थी।

# शादी में युवक ने लहराया अवैध असलहा

**आसपास डांस कर रही थीं लड़कियां, पुलिस कर रही आरोपी की पहचान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, एक शादी समारोह के दौरान युवक द्वारा अवैध हथियार लहराने का वीडियो सामने आया है। यह घटना कोतवाली क्षेत्र के गणेश शुक्ल का पुरवा ककवा गांव की है। वीडियो में दिख रहा है कि भोजपुरी गाने पर डांस के दौरान एक युवक हाथ में अवैध हथियार लिए हुए है। उसके आस-पास कुछ लड़कियां भी डांस कर रही हैं। वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस एक्टिव हो गई है। पुलिस कर रही जांच अमेठी के इंस्पेक्टर रवि सिंह ने इस मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान कर उसकी तलाश कर रही है। जल्द ही इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा

**पति की लंबी आयु को मांगा वरदान, सदा सुहागिन रहने की कामना की**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की अमावस्या को सुहागिन महिलाएं वट सावित्री व्रत कर रही हैं। देश भर के साथ भगवान श्री राधा कृष्ण की भूमि पर भी यह पर्व आस्था और विश्वास के साथ मनाया जा रहा है। धार्मिक नगरी वृंदावन के अलग अलग स्थान पर मौजूद वट वृक्ष की पूजा के लिए सुबह से महिलाएं पहुंच रही हैं और पूजन कर भगवान से अपने पति की लंबी आयु की कामना करते हुए खुद के सदा



सुहागिन रहने का वरदान मांग रही हैं। वृंदावन में यमुना किनारे गोविंद घाट पर स्थित बड़ा रास मंडल पर मौजूद वट वृक्ष की पूजा करने के लिए सुबह से ही सुहागिन महिलाएं पहुंचने लगीं। यहां महिलाओं ने विधि विधान से पहले राधा रानी की और फिर वट वृक्ष की पूजा की। इसके बाद वृक्ष के चारों तरफ सात बार कलावा लपेटा। बड़ा रास मंडल पर एक तरफ वट वृक्ष है तो दूसरी तरफ पीपल का पेड़। बीच में राधा रानी विराजमान है। इस स्थान को लोग चमत्कारिक स्थान मानते हैं। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए वृत रखती हैं। सुबह स्नान आदि करने के बाद पहले वह सत्यभान सावित्री की कथा सुनती हैं। इसके बाद वट वृक्ष की पूजा करती हैं।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० - A - 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय - 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक - डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता - आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक - माता प्रसाद शर्मा, फिल्म - संपादक - जगन्नाथ तिवारी